




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 228 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 | www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### कृषि कानूनों पर मेरे विचार व्यक्तिगत हैं कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को फिर से लागू करने को लेकर टिप्पणी की थी। इस वजह से उन्हें अपनी पार्टी से भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच, कंगना रनौत ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनके विचार निजी थे और वह पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। कंगना रनौत ने बुधवार को भाजपा नेता गौरव भाटिया के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि कंगना की ओर से कृषि कानूनों पर दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत विचार है। वह भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। गौरव भाटिया के एक्स पोस्ट को कोट करते हुए कंगना रनौत ने लिखा, बिल्कुल, कृषि कानूनों पर मेरे विचार व्यक्तिगत हैं। वह उन बिलों पर पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। धन्यवाद। दरअसल, गौरव भाटिया ने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कृषि बिलों पर कंगना रनौत के बयान को भाजपा का समर्थन नहीं है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह बयान उनका निजी बयान है। कंगना रनौत भाजपा की ओर से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं

### पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार और बाइक बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान दो में से एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान पकड़ लिया गया। इन दोनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में लूट और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। बीते दिनों इन्होंने रेलवे स्टेशन रोड के पास से भी एक महिला से लूट की थी। सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि विजयनगर जाने वाले रास्ते की तरफ पुलिस संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान पुलिस ने नींबू पार्क के पास से अंधेरे की तरफ से बाइक पर सवार दो लोगों को आते देखा। जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह बाइक को मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो बदमाशों ने उनपर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसी दौरान पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे को कांबिंग कर पकड़ लिया।रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जिस बदमाश को गोली लगी है उसका नाम वसीम है और दूसरे का नाम कादिर है। वसीम और कादिर कोतवाली सिहानी गेट, विजयनगर और आसपास के इलाके में लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। कादिर पर दो मुकदमे और वसीम पर अलग-अलग थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं।

हरियाणा में बीजेपी कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी ने की बात

# मोदी बोले-जो पोलिंग बूथ जीतता है वही चुनाव जीतता है

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो ऐप के जरिए हरियाणा के बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने हैं और भाजपा सत्ता बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इस दौरान मोदी ने कहा कि हरियाणा के कार्यकर्ताओं की पुरानी पीढ़ी हो या नई पीढ़ी, उनकी मेहनत और परिश्रम ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। इतना ही नहीं, उनका हंसमुख स्वभाव, गंभीर से गंभीर मामले को भी बेहद समझदारी से, तर्क और विनोदी लहजे में हल्के-फुल्के अंदाज में पेश करने की क्षमता...यह हरियाणा से ही सीखा जा सकता नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो पोलिंग बूथ जीतता है वही चुनाव जीतता है। यह पूरा आधार उन लोगों का झूठ है जो हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है। उनको खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इसलिए हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है। मोदी ने कहा कि आज कल तो आप देख रहे हैं, कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी कमजोर हो गया है। कोई कह रहा है कि कांग्रेस




हर दिन कमजोर होती जा रही है और पिछले 10 साल में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है। कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि उनका ज्यादातर समय गुटबाजी में, लड़ाई करने में, एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। जो पार्टी 10 साल तक जनता के विषयों से अलिप्त रही हो, जो अपने परिवार के लिए जी हो या अपने गुट के लिए जी हो... ऐसे लोग हरियाणा की जनता का विश्वास कभी नहीं जीत सकते हैं। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि जो हमारे खिलाफ चुनाव के मैदान में हैं, उनका पूरा का पूरा आधार झूठ का है। लगातार झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो, जहां जाओ झूठ बोलो, बिना सिर पैर की बातें करो और ऐसे ही हवा खराब करते रहो। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है। उनको खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इसलिए हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के लाउडस्पीकर का करंट कमजोर हो गया है। कांग्रेस हर दिन कमजोर होती जा रही है और पिछले 10 साल में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है। नमो ऐप के माध्यम से हरियाणा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने आगामी राज्य चुनावों के लिए बूथ स्तर पर कार्य पर चर्चा की और उन्हें चुनाव जीतने के लिए पार्टी की रणनीति तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों आप लोग 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के मंत्र के साथ अपने बूथ पर चौबीसों घंटे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि चुनावी रणनीति का एक ही रहस्य है और वह यह है कि जो मतदान केंद्र जीतता है, वही चुनाव जीतता है।

सदन में बोले अरविंद केजरीवाल

# मोदी भगवान नहीं..आप को बदनाम करने की साजिश...

नई दिल्ली/ एजेंसी

दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय सत्र की शुरुआत हो चुकी है। आज सदन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, विजेंद्र गुप्ता, समेत सभी विपक्षी विधायकों को सदन से मार्शल आउट किया गया। नेता प्रतिपक्ष और सभी भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसके कुछ देर बाद भाजपा विधायक सदन में आए। दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने



कहा कि मुझे और सिसोदिया को देखकर विपक्ष दुखी है। भाजपा वालों ने राजनीति का स्तर नीचे गिराया। मोदी ताकतवर हो सकते हैं लेकिन भगवान नहीं हो सकते। हमें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने हमारी कई योजनाएं बंद कर दी। दिल्ली की जनता को परेशान किया जा रहा है। भाजपा की दिल्ली ठप करने की कोशिश है। मेरे जेल जाने पर दिल्ली के सभी कामों को रोक दिया गया। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली में भाजपा 27 साल से वनवास काट रही है। दिल्ली की जनता वोट नहीं कर रही है। जनता को परेशान किया जा रहा है। हमने स्वास्थ्य और स्कूल पर काम किया। आप भी काम करें। जनता देख रही है। वोटिंग वाले दिन जनता बटन दबाकर ताकत दिखाएगी।

# गुजरात सरकार को झटका! सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। गौरतलब है कि 8 जनवरी को शीर्ष अदालत ने बिलकिस बानो के सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा पाए 11 दोषियों को छूट देने के गुजरात सरकार के अगस्त 2022 के फैसले को रद्द कर दिया था। न्यायालय ने मामले में खुली अदालत में सुनवाई के लिए दायर आवेदन को भी खारिज कर दिया। नियमों के अनुसार, पुनर्विचार याचिका पर बिना वकील की मौजूदगी के कागजात प्रसारित करके न्यायाधीशों के कक्ष में निर्णय लिया जाता है।

अपने आदेश में पीठ ने कहा, पुनर्विचार याचिकाओं, चुनौती दिए गए आदेश और उसके साथ संलग्न कागजातों को ध्यान से देखने के बाद, हम इस बात से संतुष्ट हैं कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि या पुनर्विचार याचिकाओं में कोई ऐसा गुण नहीं है, जिसके लिए आदेश पर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। अपनी दलील में राज्य सरकार ने रिकॉर्ड में कई त्रुटियों का दावा किया। राज्य सरकार ने यह भी तर्क दिया कि गुजरात सरकार द्वारा अभियुक्तों के साथ मिलकर काम करने और मिलीभगत करने की टिप्पणी ने उसके प्रति गंभीर पूर्वाग्रह पैदा किया। याचिका में न्यायालय द्वारा गुजरात सरकार को इस न्यायालय के पिछले आदेश का पालन करने के लिए सत्ता के दुरुपयोग और विवेक के दुरुपयोग का दोषी ठहराए जाने की टिप्पणी पर सवाल उठाया गया।

# जहां-जहां इनकी सरकार वहां हाल ज्यादा बेहाल : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष पर गुरुवार को जमकर हमला बोला। उन्होंने विपक्ष को बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर घेरा। जुलाई 2023 से जून 2024 के दौरान आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़े के जरिए बेरोजगारी प्रतिशत बताया। उन्होंने इस दौरान विपक्षी दलों के नेतृत्व वाले राज्यों में रोजगार के अवसर पैदा करने में हो रही असमानताओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार, विपक्ष द्वारा शासित केरल ने देश में युवाओं की



बेरोजगारी दर सबसे अधिक है। इसमें 15-29 आयु वर्ग में कुल बेरोजगारी दर 29.9 प्रतिशत थी। राज्य में 47.1 प्रतिशत महिलाएं और 17.8 प्रतिशत पुरुष बेरोजगार हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में रोजगार सृजन को लेकर काम किया जा रहा है।

### मतदान के बाद रवींद्र रैना बोले,जम्मू-कश्मीर में भाजपा की जबरदस्त जीत होगी

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने बुधवार सुबह नौशेरा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद मतदान करने पहुंचे। रवींद्र रैना नौशेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रह चुके हैं। इस बार भी वह इसी क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में आज विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान है और यह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा दिन है। वोट डालने के बाद रविंद्र रैना ने कहा कि जनता का समर्थन भाजपा को मिल रहा है। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निकले हैं।

अब्दुल्ला परिवार 70 साल तक लोकतंत्र को कुचला

# हम आतंकवाद को पाताल तक दफन कर देंगे-अमित शाह...

जम्मू/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चनैनी में आयोजित जनसभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, 'किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक यहां लोकतंत्र को कुचला।' शाह ने आगे कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पंच और सरपंच चुनाव हो चुके हैं और 40,000 लोग अब लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तीन राजनीतिक परिवारों ने नेपटिज़्म को बढ़ावा दिया, लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से युवा अब निर्णय लेने की प्रक्रिया में



शामिल हो रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास पर भी प्रकाश डाला, कहा कि 40 साल तक यहां आतंकवाद का साया रहा, 40,000 लोग मारे गए। मोदी सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर दिया, जिसके बाद न तो पत्थरबाजी होती है और न ही गोलियां चलती हैं। अफ्जल गुरु की फांसी की सजा के विरोध को लेकर उमर अब्दुल्ला पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा, हमारी देश की संसद पर जिस अफ्जल गुरु ने हमला करवाया, उसकी फांसी का ये लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफ्जल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए। अब्दुल्ला साहब, आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए, लेकिन जो आतंक फैलाएगा, उसका जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा। अमित शाह ने चेतावनी दी कि कांग्रेस और एनसी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से लाना चाहती हैं, लेकिन हम आतंकवाद को पाताल तक दफ्न करके ही दम लेंगे। अब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, किसी की ताकत नहीं कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद लाए।




# अम्लेश्वर में विकास कार्यों की सौगात, नगर पालिका बनने के बाद काफी पिछड़ा

**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम एवं विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ आज 24 सितंबर को पालिका परिसर में किया गया। आपको बता दें स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में कुल एक करोड़ पचास लाख रुपए की विभिन्न विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही स्वच्छता वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें पांच स्वच्छता वहां नगर पालिका को स्वच्छ रखने के लिए पालिका प्रशासन को सौंपा गया। बता दे की 17 से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा का भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मानते हैं। जिसमें आज पालिका परिसर में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत डेढ़ सौ लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमति हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर ,महामंत्री कैलाश यादव ,जनपद सदस्य श्रीमती रेवती दयानंद सोनकर ,जनपद सदस्य डॉक्टर घनश्याम कौशिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन साहू ,नगर अध्यक्ष डॉक्टर आलोक पाल रहे।कार्यक्रम के शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्य अर्पण कर राजकीय गीत के साथ किया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण नगर पालिका के प्रशासक एसडीएम लवकेश ध्रुव ने दिया। उन्होंने कहा नगर में स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम एवं भूमि पूजन के कार्यक्रम में आप सभी अतिथियों का स्वागत है। आप सब के सहयोग से नगर को स्वच्छ बनाएंगे। जिसमें आप सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को संबोधित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने भी किया उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्य काल में शासन के योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है नगर की स्वच्छता जन भागीदारी से ही संभव है इसलिए आप सब शासन का सहयोग करें और अपने आसपास को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। उसी क्रम में महामंत्री कैलाश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की पूर्व की सरकार ने पालिका परिषद का गठन किया है। लेकिन मनोनीत जनप्रतिनिधियों के निष्क्रियता के चलते नगर में विकास कार्य नहीं हो पाया। अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में है और नगर पालिका की विकास के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। कांग्रेस के शासनकाल में मगरघटा और परसदा को जोड़ने वाली पूल का निर्माण भी नहीं हो पाई अधूरे कार्य को छोड़कर चले गए ठेकेदार लेकिन सेतु निर्माण विभाग के द्वारा निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं कर पाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि नगर पालिका के विकास में कोई कमी नहीं होगी कांग्रेस की सरकार ने पालिका के निर्माण कर अपने कार्यकाल में किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं कर पाए अब भाजपा की सरकार है डबल इंजन की सरकार है नगर के पांचो गांव में विकास की कोई कमी नहीं होगी। कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार हुआ है अब विष्णु देव के सरकार में विकास की एक नया इतिहास रचा जाएगा। वही श्री बघेल से कलोनियो के प्रतिनिधि मंडल भी मिले और मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा किया जिस पर एसडीएम को निर्देशित कर उचित कार्रवाई करने को कहा। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिनिधि मंडल भी मिले स्कूल में बाउंड्री वॉल और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के संबध में। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक श्री शर्मा ने किया। आभार व्यक्त नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति गुप्ता ने किया और कहा कि आप सबके सहयोग से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनायेंगे शासन के योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे।आप सब कार्य क्रम को सफल बनाएं उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद आभार।

इस अवसर पर राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, दयानंद सोनकर,रामधार साहू, धर्मेन्द्र सोनकर, राजू साहू, रवि सिंगौर,रामअवतार साहू, अश्वनी साहू, राहुल साहू,शिवा साहू सोनू साहू, कमलेश साहू, नोहर साहू,मनोहर साहू , कुमार साहु, भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन , सुनीता साहु,रामकुमार साहु, ताम्र ध्वज साहु, कुंजबिहारी साहु, सोहन निषाद, तुलाराम चक्रधारी, मनोज साहु,देवा ठाकुर, सुनील शर्मा , ऋषि निषाद, ओमप्रकाश साहु, विकाश सोनी, नवीन देवांगन, मृत्युंजय देवांगन, बलदेव पाटकर ,धनेश यादव, गीतांजलि चंद्राकर, मीनाक्षी जैन, ममता शर्मा , दुर्गेश साहु, सुमित साहु, गिरधर साहु, चैन सिंह साहु, कामता पटेल, घनश्याम चौहान, सहित नगर के अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित। वही पालिका के आधिकारी कर्मचारी पूरे कार्यक्रम में व्यवस्था देखते हुए नजर आए जंहा उप अभियंता प्रवीन साहू, ढालेंद्र ठाकुर,सचिन नासरे लेखापाल,रोहित पटेल, राहुल शुक्ला, अतिक खान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त शिक्षक चरणदास बघेल और रमा बघेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय पेंड्रीतराई शाला में न्योता भोज का आयोजन



**अहिवारा (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई, संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में प्रधानमंत्री सुपोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत न्योता भोज का आयोजन सेवानिवृत्त शिक्षक के जन्मदिन और रमा बघेल के जन्मदिन ,साथ ही खिलेंद्र बघेल का प्रधान पाठक में पदोन्नति के उपलक्ष्य में न्योता भोज प्राथमिक एवम मिडिल के 164 बच्चो को खीर पूड़ी के साथ सम्पूर्ण भोजन कराया गया।शाला में एफ एल एन बेस लाइन आकलन व्याख्ताओ के द्वारा संपन्न कराया गया ,सभी शिक्षको , एसएमसी अध्यक्ष रोशनी खुटेल ,चरणदास बघेल सेवानिवृत शिक्षक,रमा बघेल के साथ साथ सभी कर्मचारी भी न्योता भोज का आनंद लिया।जन्मदिन और पदोन्नत के अवसर पर शाला परिवार की ओर से प्रधान पाठक दीप्ति किरण तिर्की,प्रधान पाठक थान सिंह चुरेन्द्र,सीएसी सूर्यकांत हरदेल,शिक्षक मिथलेश कुमार जायसवाल, संतोष कुमार पात्रे,नीलम शशि कुजूर, चंद्रकांत , संगीता पाटिल,संध्या दत्ता, राजश्री बोस व्याख्याताओं ने सभी को शुभकामनाए देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं किए।

### अतुल रायजादा बने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, शहर में खुशी की लहर



**राजनांदगांव।** विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला राजनांदगांव के अनुमोदनानुसार 25 सितंबर 2024 को शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर अतुल रायजादा नगर पालिक निगम के पूर्व पार्षद एवं उत्तर मंडल के अध्यक्ष को बनाया गया है। श्री रायजादा को शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सहित भाजपा के कार्यकर्ता उनके इष्ट मित्रों ने बधाई दी है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के नए अध्यक्ष के रूप में अतुल रायजादा की नियुक्ति पर पूरे शहर में उत्साह और खुशी का माहौल है। अतुल रायजादा, जो पूर्व में नगर निगम के पार्षद एवं अध्यक्ष रह चुके हैं, और वर्तमान में भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष भी हैं, अब इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाएंगे। इस अवसर पर अतुल रायजादा ने विशेष रूप से यह भी कहा-जिस कॉलेज में मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की, आज उसी कॉलेज में अध्यक्ष बनना मेरे लिए गर्व की बात है। मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय के हित में और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर काम करूं। श्री रायजादा के अध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही न केवल उनके समाज में, बल्कि पूरे शहर में लोगों ने खुशी जाहिर की। अतुल रायजादा ने महाविद्यालय के विकास और छात्रों की शैक्षिक उन्नति के लिए हर संभव कदम उठाने का आश्वासन दिया। उनकी इस नई जिम्मेदारी से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और शहर को एक नई दिशा और प्रगति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### खुडमुड़ी निवासी राम जी ठाकुर का निधन

**पाटन।** ग्राम खुडमुड़ी निवासी रामजी ठाकुर 57 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया। वे आदिवासी समाज के पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल ठाकुर के अनुज तथा पोषण लाल ठाकुर के पिता था।

### निधन : रामजी ठाकुर

**पाटन।** ग्राम खड़मुड़ी निवासी राम जी ठाकुर 57 साल का निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गिरधर ठाकुर के अनुज तथा पोषण लाल ठाकुर के पिता थे।

# कोमाखान थाना क्षेत्र में बदमाशों की करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### टीआई कह रहे- कोई पीड़ित सूचना देने थाने आए तब पुलिस दिखाएगी सक्रियता



**गेंददास मानिकपुरी ( सिटी रिपोर्टर )/ महासमुंद( समय दर्शन )।** जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुई चाकूबाजी की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। दिनदहाड़े हुए इस हमले में बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला किया है। घटनास्थल पर बिखरे खून के धब्बे इस हिंसक वारदात की गवाही दे रहे हैं। नर्रा रोड कोमाखान में पेट्रोल पंप के पास हुए इस हमले में घायल युवक को सराईपाली गांव का निवासी बताया जा रहा है। हालाँकि, घटना के 20 घंटे बाद भी पुलिस अब तक स्नढ्क्र दर्ज नहीं कर पाई है। कोमाखान टीआई का कहना है कि खून के धब्बे बिखरे होने की सूचना है, लेकिन घटना का कोई पीड़ित थाने आकर जानकारी नहीं देगा तो कार्रवाई कैसे और किस पर करें।

घटना के बाद सोशल मीडिया पर घटनास्थल के खून से सने वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। लोगों का कहना है कि जब सबूत और साक्ष्य सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं, तो पुलिस अब तक मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। घायल युवक के बारे में स्थानीय लोगों ने जानकारी दी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। पुलिस का तर्क है कि जब तक कोई औपचारिक रूप से स्नढ्क्र दर्ज नहीं करता, तब तक वे सक्रिय नहीं हो सकते। यह घटना सिर्फ एक दिन की नहीं है, बल्कि इससे पहले भी कोमाखान क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं होती रही हैं। मनोज तिवारी की संदिग्ध मौत का मामला चार महीने बाद भी अनसुलझा है, और पुलिस इस मामले में भी सक्रिय नजर नहीं आ रही है। अब इस नई घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस की आलोचना करते हुए कहा है कि यदि पुलिस इस प्रकार की घटनाओं में जल्दी कार्रवाई नहीं करती, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे।

**पुलिस की भूमिका पर भारतीय कानून :** भारतीय दंड संहिता और पुलिस अधिनियम के तहत पुलिस का कर्तव्य होता है कि किसी भी संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर वे तुरंत स्नढ्क्र दर्ज करें और जांच शुरू करें। भारतीय संविधान की धारा 154 में यह स्पष्ट किया गया है कि अगर किसी संज्ञेय अपराध की सूचना पुलिस को दी जाती है, तो स्नढ्क्र दर्ज करना पुलिस का कानूनी कर्तव्य है। यहां तक कि अगर कोई औपचारिक शिकायतकर्ता नहीं है, फिर भी पुलिस को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मामले की तहकीकात करनी चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं :** इसके अनुसार, अगर कोई अपराध सामने आता है, तो पुलिस उस अपराध के बारे में मिली जानकारी के आधार पर भी स्नढ्क्र दर्ज कर सकती है। यह भी कहा गया है कि पुलिस सोशल मीडिया, वीडियो, या अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर भी कार्रवाई कर सकती है। अगर पुलिस स्नढ्क्र दर्ज नहीं करती है, तो यह कर्तव्य की उपेक्षा मानी जाती है, जिसके लिए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

**कोमाखान क्षेत्र में जनता की अपेक्षाएं :** इस घटना से साफ है कि कोमाखान क्षेत्र के लोग पुलिस से त्वरित और सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस समय रहते इन घटनाओं पर नियंत्रण नहीं करती, तो अपराधी बेखौफ होकर और भी खतरनाक वारदातें कर सकते हैं। वर्तमान में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरें इस बात का प्रमाण हैं कि अपराध को नजरअंदाज करना न केवल पुलिस के लिए घातक हो सकता है, बल्कि समाज के लिए भी।

# सेलूद सोसायटी में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया



**पाटन विधानसभा।** वृहताकार सहकारी समिति कार्यलय सेलुद प्रांगण में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया द्य जिसमे सर्व प्रथम भगवान बलराम व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ की गईद्य समिति के आय व्यय का वाचन प्रबंधक रोमन दास वैष्णव ने किया द्य ग्राम पंचायत सेलुद की सरपंच खेमीन साहू,जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे जवाहर वर्मा पूर्व प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी बैंक दुर्ग किसन भारती सरपंच मुड़पार सुरेंद्र बंछोर ग्राम सभा अध्यक्ष सेलुद, खेमलाल साहू मंडल अध्यक्ष मध्य पाटन भाजपा, पूर्व संचालक गण टामन साहू, रमेश देवांगन, रामाधार यादव, कांति साहू, दिलीप कुर्रे, एवं कृषकगण राजकुमार मिश्रा, भानु साहू, हरप्रसाद आडिल, चंपा यादव, समिति के प्राधिकृत अधिकारी एस. बी. बड़ा शाखा प्रबंधक दिनेश वर्मा, पर्यवेक्षक लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, सहायक समिति प्रबंधक रोमन दास वैष्णव, मोहित अमृत सहायक समिति प्रबंधक फेकारी समिति, जीतेन्द्र साहू, सुरेश यादव, मुकेश वर्मा, नागेश पटेल, नेमन साहू, उपस्थित थे 7 श्रीमति खेमीन साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद ने सभी किसान भाइयों को आमसभा की शुभकामनाएं प्रेषित किया द्य किसान भुइयां के भगवान है हमारी भाजपा की सरकार जो वादा किया उसको अक्षरस: पालन की दिशा में कार्यरत है द्य किसान भाईयो को अच्छी फसल पैदा हो और प्रति एकड़ इक्कीस क्विंटल धान की खरीदी इकतीस सौ रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी किया जाएगा द्य खिलेश मारकंडे जनपद सदस्य ने किसानो को एकजुट रहकर कार्य करने व पशुधन को व्यवस्थित करने का आग्रह किया द्य जवाहर वर्मा पूर्व प्राधिकृत ने समिति के आय व्यय पर चर्चा की एवं समिति के लाभ पर होने की शुभकामनायें दी द्य आमसभा को सुरेंद्र बंछोर, रमेश देवांगन, भानुसाहू, राजकुमार मिश्रा ने भी संबोधित किया द्य उक्त अवसर पर मुक्तु साहू, कृष्णा वर्मा, गोविन्द यादव बड़ी संख्या मे किसान व समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे

# जोगी कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शमसुल आलम का मानव मंदिर चौक में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक में जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शमसुल आलम और जिला महासचिव मिलाप बघेल का जोरदार स्वागत किया। शमसुल आलम ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे सक्रिय जोगी कांग्रेसी कहलाते हैं और कार्यों के आधार पर उन्हें शहर जिलाध्यक्ष से जिलाध्यक्ष बना दिया है। साथ ही साथ पूरे प्रदेश की कार्यकारणी घोषित की है। शमसुल आलम ने मिलाप बघेल को जिला महासचिव नियुक्त किया है। जल्द ही पूरे जिले की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ जिला महासचिव मिलाप बघेल, युवा शहर जिलाध्यक्ष बिलाल सौलिन खान, नमन पटेल, आकाश साहू, गोविंदा, अनवर खान, संदीप सूर्यवंशी, तामेश्वर पटेल, आकाश पटेल, भूपेश साहू, राजकुमार मेश्राम, मुनेंद्र हिरवानी, शेखर हिरवानी, खेमचंद, चंदन कुमार, चंदन, चुरेंद्र देवांगन, लक्की साहू, मनोज पटेल आदि निषाद, गोपाला ठाकुर, गोविंदा यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनर्जी सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स कंपनी ग्लॉटिस लिमिटेड ने सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर्स किया दाखिल

**रायपुर।** एनर्जी सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स कंपनी ग्लोटिस ने बाजार नियामक सेबी के पास आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्ट्स (डीआरएचसी) जमा किया है। ग्लोटिस एक अग्रणी मल्टी-मॉडल, एकीकृत लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता है, जिसका विशेष ध्यान ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला समाधानों पर है। यह विभिन्न क्षेत्रों में मल्टीमॉडल क्षमताओं के साथ एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करता है, ताकि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में माल की आवाजाही को अनुकूलित किया जा सके, जिसमें समुद्री माल अग्रेषण; हवाई माल अग्रेषण; सड़क परिवहन; साथ ही अन्य सहायक सेवाएँ, जैसे वेयरहाउसिंग, भंडारण, कार्गो हैंडलिंग, थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3क्क) सेवाएँ और कस्टम क्लीयरेंस आदि शामिल हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 95,000 टीईयू को संभाला है। इस आईपीओ के तहत 200 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे।

# शिक्षक भर्ती की मांगों को लेकर अब आमरण अनशन में बैठे डीएड-बीएड डिग्रीधारी




**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ ने शिक्षक भर्ती को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ की मांग है कि जब तक शिक्षक भर्ती पर पहल नहीं होती, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। इस आमरण अनशन में मुख्यरूप से दाऊद खान प्रदेशाध्यक्ष, सुनील पटेल रायपुर संभाग अध्यक्ष, हेमंत साहू संयोजक बिलासपुर, विश्राम साहू जिलाध्यक्ष बिलासपुर, एवं साथीगण सम्मिलित हैं।

**घोषणापत्र और विधानसभा में शिक्षक भर्ती की घोषणा:-** चुनावी समय में भाजपा के घोषणापत्र में 57000 शिक्षक भर्ती का उल्लेख तो था ही लेकिन विधानसभा में तत्कालीन शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा भी कर चुके हैं लेकिन आज तक इस विषय में सरकार द्वारा कोई भी ठोस कदम नही उठाया जा रहा है, जिसके चलते डीएड बीएड डिग्रीधारकों द्वारा लगातार प्रदर्शन एवं आंदोलन किया गया और अब आमरण अनशन में बैठना पड़ा।

**05 को ज्ञापन, 21 सितम्बर को हुआ था महाआंदोलन-** 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर संघ द्वारा 33 जिलों में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें शिक्षक भर्ती की मांग की गई थी। इसके अलावा, 21 सितंबर को तूता धरना स्थल पर प्रदेश भर के लगभग 10 हजार डीएड-बीएड अभ्यर्थी आंदोलन में शामिल हुए थे। जिसमें बस्तर और सरगुजा जैसे दूरस्थ जिलों से भी हजारों अभ्यर्थियों ने धरना स्थल रायपुर पहुंच कर शिक्षक भर्ती की मांग की।

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भी किये मुलाकात-** संघ के पदाधिकारियों द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भी मुलाकात की गई, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री से मिलवाएंगे एवं शिक्षक भर्ती को लेकर मंत्रिमंडल से चर्चा करेंगें। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके कारण अभ्यर्थियों को आमरण अनशन में बैठना पड़ा।

**विद्यार्थी एवं अभिभावक भी कर रहे शिक्षकों की मांग:-** इस बीच, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, जिसमें शिक्षकों की कमी को दूर करने की मांग की जा रही है। प्रदेश के कई स्कूलों के छात्रों ने भी रैली निकालकर शिक्षकों की मांग की है। लेकिन देखना यह हैं कि वर्तमान सरकार डीएड-बीएड डिग्री, विद्यार्थी और पालक इन तीनों वर्गों के समस्याओं का समाधान कब तक करते हैं, हालांकि तीनों वर्गों की मांग सिर्फ शिक्षक भर्ती ही हैं।

**21,489 करोड़ का है बजट-** सत्र 2024-25 के बजट के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के लिए 21,489 करोड़ रुपये का बजट है।

शिक्षक भर्ती की मांगों को लेकर लगातार आवाज उठाते आये हैं लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई सकारात्मक पहल नही किया गया जिसके चलते आमरण अनशन पर बैंठे हैं। सरकार जब तक ठोस कदम नही उठाते हैं तब तक हम मैंदान नहीं छोड़ेंगे और अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।

**दाऊद खान, प्रदेशाध्यक्ष**

शिक्षक भर्ती का विषय सिर्फ रोजगार का मुद्दा नहीं हैं, पर्याप्त शिक्षक देकर नन्हें बच्चों का भविष्य संवारने का विषय हैं, शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को समृद्ध करने का विषय है। राज्य स्थापना के 24 वर्ष बाद भी शिक्षा स्तर की बदहाली सत्ता में आये सभी सरकारों की विफलता हैं।आज छात्रों और पालकों को प्रदर्शन करना पड़ रहा हैं यह बड़ी विडम्बना हैं।

**श्रवण साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**

## सार समाचार

### सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, शर्तों के साथ मिली जमानत

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रहीं सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दे दी है। वे दिसंबर 2022 से कोयला लेवी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से रायपुर की सेंट्रल जेल में कैद थीं। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज सुनाया गया। सौम्या चौरसिया पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत कोयला लेवी मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। दिसंबर 2022 में उनकी गिरफ्तारी के बाद से वे रायपुर की सेंट्रल जेल में कैद थीं। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर विचार करने के बाद शर्तों के साथ जमानत दी है। हालांकि, सौम्या चौरसिया फिलहाल जेल में ही रहेंगी, क्योंकि राज्य की भाजपा सरकार बनने के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक और मामला दर्ज किया है। इस नए मामले में भी कानूनी प्रक्रिया चल रही है, जिसके चलते वे जेल से बाहर नहीं आ सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से सौम्या चौरसिया को बड़ी राहत मिली है,

### लोको पायलट को पत्थर मारकर किया घायल

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर रेल मंडल में ट्रेन के लोको पायलट को पत्थर मारकर घायल किया गया है. ये मालगाड़ी दल्लीराजहरा से आयरनओर लेकर निकली थी और मरौदा जा रही थी. रायपुर रेल मंडल के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घायल लोको पायलट का नाम थानेश्वर सिंह है। पत्थर गुड्स ट्रेन के इंजन का कांच फोड़ते हुए अंदर पहुंचा और लोको पायलट का सिर फट गया और वे घायल हो गए. उन्हें फर्स्ट एड उपलब्ध कराया गया है और आगे स्टेशन में अस्पताल लिए जाने की तैयारी है.

### अरुण साव लोरमी में लोगों से मिले

**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज लोरमी में अपने विधायक कार्यालय में आयोजित %जनदर्शन% में क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याएं निराकृत करने के निर्देश दिए। श्री साव ने %जनदर्शन% में राजस्व, पुलिस, पीएचई और विद्युत विभाग की शिकायतें मिलने पर इन विभागों के अधिकारियों को इनका निराकरण तत्परता से करने को कहा।

**सरकारी कामकाजों में डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग सरकार कर रही है डिजिटल क्रॉप सर्वे भी उसका एक उदाहरण है**

# राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जियो रिफेसिंग के जरिए किया खसरा का सत्यापन

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुधवार को बलौदाबाजार भाटापारा जिले के ग्राम सकरी में डिजिटल क्रॉप सर्वे का अवलोकन किया। उन्होंने पगडंडियों से चलकर बीच खेत में पहुंचकर मोबाईल के माध्यम से जियो-रिफ्रेंसिंग के जरिए एंट्री कर खसरा का सत्यापन किए। इसके लिए मंत्री वर्मा स्वयं सर्वेयर बने। उन्होंने ग्राम सकरी के किसान नेतराम साहू के खेत खसरा नंबर 1150,1151 एवं 1152 का सत्यापन कार्य पूर्ण किए. वर्मा ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत के रूप में विकसित करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा है जिसके तहत सभी सरकारी कामकाजों में डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग सरकार कर रही है डिजिटल क्रॉप सर्वे भी उसका एक उदाहरण है। इससे फसल की सटीक जानकारी मुहैया होती है। गौरतलब है की डिजिटल क्रॉप सर्वे में निजी सर्वेयर की भूमिका जियो-रिफ्रेंस के रूप में



होती,जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। निजी सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिए गए है। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे। उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप उपलब्ध हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही एप में प्लॉट की स्थितिए खसरा नंबर ए एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ तीन फोटो अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा। जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेगा। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आएंगे। पटवारी इसे अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही फिल्ड में क्या बोया गया है फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित-असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। यदि साफ्टवेयर में जियो-रिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा।

## राज्य के 78 स्कूल बनेंगे मॉडल स्कूल, सीएम ने पीएम मोदी का जताया आभार

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के 78 और स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए पीएम श्री योजना में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 263 पीएमश्री स्कूल स्वीकृत किए गए थे, नई स्वीकृति मिलने से यह संख्या बढ़कर अब 341 हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि यह हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और इस दिशा में लगातार नए फैसले ले रहे हैं। पीएम श्री योजना के माध्यम शैक्षणिक अधोसंरचना एवं शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास निश्चित रूप से विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम श्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का भी आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा



पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 211 तथा तृतीय चरण में 52 और चौथे चरण में 78 शालाएं स्वीकृत की गई है। चौथे चरण में शामिल सभी 78 शालाएं कक्षा पहली से 12 वीं तक की हैं। प्रथम चरण में पीएम श्री योजना के तहत स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा चुका है, वहीं तृतीय चरण में स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया था।

## विधायक मोतीलाल साहू ने दिलाई गई स्वच्छता की शपथ


**रायपुर( समय दर्शन )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत चलाए जा रहे पखवाड़े में आज बुधवार को जिले के माना बस्ती में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में स्वच्छता पर आधारित आयोजित कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने नागरिकों और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्होंने सामूहिक रूप से श्रमदान किया और एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर कबाड़ से जुगाड के तहत बच्चों द्वारा बनाई गई मॉडल की प्रदर्शिनी लगाई। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को स्वच्छ बनाने का सपना देखा था। इसे पूर्ण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का अभियान



चलाया। उन्होंने आम जनता से अपने आस-पास सफाई रखने की अपील की, जिसका असर अब दिख रहा है। आमजनता भी स्वच्छता को लेकर जागरूक हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय बनवाया इसके लिए सहायता राशि भी दी गई। इससे महिलाओं का मान बढ़ा। श्री साहू ने कहा कि इस मुहिम में सभी वर्ग के लोग अपना योगदान देते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने भागीदारी निभाएं। प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने कहा कि हमारी परंपरा में स्वच्छता रची-बसी हैं। जब हम बाहर से घर में प्रवेश करते है तो पैर धुलावाएं जाते हैं और हमारे रसोई घर में स्नान कर स्वच्छ कपड़े पहन कर प्रवेश कर भोजन बनाने की परंपरा है। यह वास्तव में हमें और अपने परिवार को स्वच्छ रखने के लिए किया जाता है। इस बार के अभियान का थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। हमें अपने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण स्वच्छता को अपनाना चाहिए। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की जो 02 अक्टूबर तक चलेगी। हमे इस अभियान को घर-घर पहुंचाना है। आम नागरिक इस अभियान का हिस्सा बनें और दुसरों को भी प्रेरित करें।

## इतिहासकार रमेन्द्रनाथ मिश्र ने प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को भेंट की दुर्लभ किताबें

**रायपुर( समय दर्शन )।** आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को आज आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में इतिहासकार रमेन्द्रनाथ मिश्र ने छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित दुर्लभ किताबें भेंट की। इतिहासकार मिश्र ने बताया कि ये किताबें छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों, शोधार्थियों के लिए काफी उपयोगी होंगी। इन किताबों का संदर्भ के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। प्रमुख सचिव बोरा ने इसके लिए मिश्र का आभार जताया। इतिहासकार रमेन्द्र नाथ मिश्र द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह



की जीवनकाल पर मध्यप्रदेश ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित किताबें, गोड़ जनजाति का सामाजिक इतिहास, मध्यकालीन छत्तीसगढ़ के अंग्रेजी हुकुमत काल के प्रतिवेदन, पंडित सुन्दर लाल शर्मा द्वारा जेल यात्रा के दौरान हस्तलिखित कृष्ण जन्म स्थान समाचार पत्र की द्विमासिक सचित्र कापी, साहित्यकार हीरा लाल कापोध्याय द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी बोली पर पहला व्यायकरण की किताबें और 1854-1857 तक अंग्रेजी हुकूमत काल के समय नागपुर प्रांत से अंग्रेजों द्वारा लिखे गए चिट्ठी पर आधारित किताबों सहित अन्य किताबें भेंट की गई है।

## तमनार तथा बगीचा में खुलेगी अपेक्स बैंक की नवीन शाखा

**रायपुर( समय दर्शन )।** अपेक्स बैंक की दो नवीन शाखा तमनार और बगीचा में जल्द खुलेंगी। यह जानकारी आज छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक ( अपेक्स बैंक) की 25 वी वार्षिक आमसभा की बैठक में अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन शाखाओं को प्रारंभ करने के लिए रिजर्व बैंक की अनुमति मिल चुकी है। अपेक्स बैंक की वार्षिक आमसभा में अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बैंक की वित्तीय पत्रक प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अपेक्स बैंक की अंशपूजी 218.13 करोड़, निधियाँ (रिजर्व) 640.48 करोड़, ऋण एवं अमानत राशि 8440.88 करोड़, स्वयं की निधियाँ 429.27 करोड़ रूपये है। अपेक्स बैंक ने 36.32 करोड़ रूपये का लाभार्जन किया है। उन्होंने बताया कि अपेक्स बैंक की वर्ष 2000 में मात्र 3 शाखाए थी जो अब बढकर 15 हो गई है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक से अपेक्स बैंक की तमनार तथा बगीचा मे नवीन शाखा खोलने की अनुमति मिल गई है। आमसभा मे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव प्रतिनिधि शशिकांत द्विवेदी, लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष सत्यबाला अग्रवाल, अपर पंजीयक हितेश दोषी, अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक के एन कांडे, महाप्रबंधक युगल वर्मा, डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी सहित विभिन्न जिलों से आए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नागरिक सहकारी बैंकों के प्रतिनिधि, कर्मचारी सहकारी साख समितियों के प्रतिनिधि और बैंक के अंशधारी प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए राजौरी जिले में वोट डालने के बाद पहली बार वोट देने वाली एक महिला अपनी स्याही लगी उंगली दिखाती हुई।**



## एमडीएमए ड्रग्स रैकेट के बैकवर्ड लिंकेज पर कार्रवाई, कोकीन सप्लायर आर्यन गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर पुलिस की नारकोटिक्स सेल और थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने एम.डी.एम.ए ड्रग्स रैकेट के बैकवर्ड लिंकेज पर कार्रवाई करते हुए कोकीन सप्लायर आर्यन ठाकरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी को हिमाचल प्रदेश से ड्रग्स सप्लाई करने के आरोप में पकड़ा गया है। 23 सितंबर को कमल विहार, सेक्टर 04 चौक, ऑक्सीजोन के पास से तीन आरोपी शुभम सोनी, अभिषेक साहू, और सोनू अग्रवाल को पकड़ा गया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद, आर्यन ठाकरे का नाम सामने आया, जो हिमाचल प्रदेश से ड्रग्स लाकर सप्लाई करता था। टीम ने आरोपी को 65 ग्राम एम.डी.एम.ए ड्रग्स (कोकीन) के साथ नरईया तालाब, थाना कोतवाली क्षेत्र में पकड़ा। आरोपी का नाम- आर्यन ठाकरे, उम्र 20, निवासी विकास विहार कॉलोनी, रायपुर जप्त ड्रग्स- 65 ग्राम एम.डी.एम.ए ड्रग्स (कोकीन), जिसकी कीमत 10 लाख रुपये आंकी गई है घटना से संबंधित 01 मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। ड्रग्स सप्लाई चैन के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज की लगातार जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 735/24 धारा 21बी नारकोटिक एक्ट और 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। रायपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे %निजात अभियान के तहत यह एक बड़ी सफलता है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में लगातार ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# टीएल बैठक में निगम अधिकारियों को रेडक्रास सोसायटी के कार्यो की मिली जानकारी

**आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने मेडिकल वेस्ट सडक पर फेंकने वाले हास्पिटल पर जुर्माना करने के निर्देष दिये**

**बाजारों में पॉलीथीन रखने व कचरा फैलाने वालो पर जुर्माना करने के निर्देष**

**स्वच्छता ही सेवा अभियान में प्रत्येक जोन को 1 - 1 वृहद आयोजन करने के निर्देष**

**रायपुर( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न कार्यो व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देष दिये । रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ श्री उज्जवल पोरवाल, अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, श्री पंकज शर्मा, उपायुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्यअभियंता श्री यू.के. धलेन्द्र, सभी जोन कमिष्नरों, कार्यपालन




अभियंताओं, विभाग के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंडियन रेडक्रास सोसायटी के विभिन्न समाज एवं राष्ट्र हितैषी जनकल्याणकारी कार्यो से संबंधित विविध गतिविधियों की जानकारी दी गई। इसकी जानकारी पर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वत: स्वस्फूर्त रूचि लेते हुए स्वयं इंडियन रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सदस्य बनने सामने आये एवं वहां के प्रतिनिधि अधिकारी द्वारा दिये गये सदस्यता फार्म को भरकर तत्काल वांछित शुल्क अदा कर रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा के सदस्य बनने की औपचारिकता पूर्ण की एवं जीवन पर्यन्त सोसायटी के समाज एवं राष्ट्र हितैषी जनकल्याण कार्यो से जुडकर उसमें सक्रिय सहभागिता दर्ज कराने का संकल्प लिया। टीएल बैठक में आयुक्त द्वारा जोन कमिष्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को मेडिकल वेस्ट सडक पर सड़क किनारे इधर उधर डालने वाले संबंधित अस्पतालों को नोटिस देकर जुर्माना करने की कार्यवाही करने के निर्देष दिये गये है। आयुक्त ने जोन कमिष्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को विभिन्न बड़े बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर प्रतिबंध व्यवहारिक रूप से लगवाने अभियान चलाने एवं पॉलीथीन रखने एवं कचरा फैलाने वालो पर जुर्माना करने की कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने केन्द्र सरकार, छत्तीसगढ़ शासन एवं रायपुर जिला प्रषासन के निर्देषानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जोन कमिष्नरों को प्रत्येक जोन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 1-1 वृहद आयोजन रखा जाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने राज्य शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग के निर्देषानुसार विगत दिनों नगर निगम रायपुर के सभी 70 वार्डो में लगाये गये जनसमस्या निवारण पखवाडा षिविरों में प्राप्त नागरिको के जनषिकायतों संबंधी सभी आवेदनों का नियमानुसार शत प्रतिषत संख्या में प्राथमिकता से त्वरित निराकरण जनहित में सुनिष्चित करने के निर्देष सभी जोन कमिष्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को दिये है। आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्र में प्रगतिरत विकास कार्यो को तेज गति से पूर्ण करना प्राथमिकता से सुनिष्चित करने निर्देषित किया है एवं सभी विकास कार्यो में समय सीमा एवं गुणवत्ता का विषेष ध्यान रखने के निर्देष दिये है।

## संपादकीय

# चुनाव जहरीला भी हुआ और हास्यास्पद भी

दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव तमाशा बन गया है। अकेले ट्रंप के कारण चुनाव जहरीला भी हुआ और हास्यास्पद भी। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में वह सब हो रहा है, जो आधुनिक समय में सोचा भी नहीं गया था। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रचार में जहर घुलता जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति और इस बार के चुनाव में राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरी बार हमले का प्रयास हुआ है। 13 जुलाई को पेन्सिलवेनिया में ट्रंप के ऊपर हमला हुआ था। तब गोली उनके कान को छूकर निकली थी। हमलावर को उसी समय सीक्रेट सर्विस ने मार गिराया था। दूसरी बार फ्लोरिडा में हमले का प्रयास हुआ है। हालांकि सीक्रेट सर्विस पक्के तौर पर नहीं कह रही है कि ट्रंप पर गोली चली लेकिन फ्लोरिडा के पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में एक व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद था, जिस पर सीक्रेट सर्विस ने गोली चलाई और वह व्यक्ति हथियार छोड़ कर भाग गया। एफबीआई मामले की जांच कर रही है। जो हथियार बरामद हुआ है वह एके-47 राइफल की तरह का है। अमेरिका जैसे देश में, जहां हथियार बहुत सहज रूप से लोगों को उपलब्ध हैं, वहां अगर राजनीतिक विभाजन इतना बढ़ता है कि मरने मारने की प्रवृत्ति आ जाए तो यह बहुत खतरनाक है। इसके लिए ट्रंप का प्रचार और उनका भाषण बहुत हद तक जिम्मेदार है। उन्होंने अमेरिकी समाज को दोस्त और दुश्मन में बांट दिया है। उन्होंने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसमें जो उनके साथ है वह अमेरिका का दोस्त है और जो उनके खिलाफ है वह अमेरिका का दुश्मन है। ऐसी सोच अमेरिकी चुनाव में पहले कभी नहीं रही। ट्रंप बार बार इसका प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ डिबेट में जिस तरह की बातें कहीं वह इसकी मिसाल हैं। इसके बावजूद वे डिबेट में पिछड़ गए और अब कह रहे हैं कि फिर हैरिस के साथ डिबेट नहीं करेंगे। ट्रंप के तमाशे यही खत्म नहीं होते हैं। उन्होंने प्रवासियों को लेकरर ऐसी बातें कही हैं, जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा होगा कि राष्ट्रपति रहा कोई व्यक्ति इतने भद्दे आरोप लगाएगा। ट्रंप ने हैती के प्रवासियों पर आरोप लगाया है कि वे अमेरिकी लोगों के पालतू जानवरों यानी कुत्ते, बिल्लियों को मार कर खा रहे हैं। यह मानवीय गरिमा से गिरा हुआ आरोप है। इसके लिए पूरे अमेरिका की हंसी उड़ रही है। कहां तो ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए लडने उतरे हैं और कहां लोगों के पालतू पशुओं की प्रवासियों से रक्षा की बहस में उलझ गए हैं।

# मजबूत हो रहे सड़क, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के चार पिलर

**धनंजय राठौर**

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार नये कीर्तिमान भी स्थापित कर रही है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान एक अलग मुकाम तक पहुंचा रही है। छत्तीसगढ़ के सड़क, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ को 11।1 करोड़ रूपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार की पूंजीगत व्यय यानी कैपेक्स के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत टॉप-5 पर पहुँच गया है। छत्तीसगढ़ असम, गुजरात, हिमाचल, त्रिपुरा, गोवा और सिक्किम जैसे राज्यों की तुलना में आगे है।

ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूत करने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को समझकर उनके हित में कार्य और त्वरित निर्णय से जनता और सरकार के बीच का रिश्ता मजबूत हुआ है। यही कारण है कि केंद्र सरकार के कैपेक्स में पूरे देश में छत्तीसगढ़ टॉप-5 में है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक नया विभाग भी बनाया है। सुशासन एवं अभिसरण (गुड गवर्नेंस एवं कन्वर्जेंस) विभाग अन्य शासकीय विभागों में जनता को आने वाली समस्याओं को समझकर उनके समाधान पर कार्य करेगी। हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का सौ फीसदी लाभ सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर स्तर पर परफॉरमेंस रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। शासकीय विभागों और जनसरोकार से जुड़े कार्यों के डिजिटलाइजेशन से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आ रही है बल्कि विभागों का परफोरमेंस भी बेहतर हो रहा है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

शासकीय विभागों को समय के अनुरूप अपडेट करने के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार अहम् कदम उठा रही है, जिसमें लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जनता से जुड़ी 90 सुविधाओं का डिजिटलीकरण, शासकीय खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए जैम पोर्टल की शुरुआत। सभी शासकीय विभाग के लिए अलग-अलग पोर्टल का निर्माण और ई-ऑफिस की दिशा में बढने की पहल, शासकीय विभागों से सम्बंधित विभिन्न व्यापारिक और औद्योगिक इकाईयों के एनओसी की प्रक्रिया के सरलीकरण जैसे निर्णय ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के स्वरुप पर आधारित केंद्र सरकार की नीतियों से आमजनों के जीवन को बेहतर बनाने के मिशन पर भी तेजी से कार्य हो रहा है। प्रदेश के युवाओ को उद्यम से जोडने की बात हो या किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित करने की छत्तीसगढ़ सरकार दोनों स्तर पर परिवर्तनकारी कदम उठा रही है जिसका परिणाम दिखने लगा है। यही कारण है कि खर्च और निवेश की सम्भावनाओं वाले देश के ।88 जिलों में छत्तीसगढ़ का डीपीआई स्कोर 3।.0 है जो दिल्ली 68.2, पश्चिम बंगाल 42.9, उत्तराखंड 41.0 के मुकाबले बेहतर है। दूसरे राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, इन कार्यों को आमजनों की जरूरतों के अनुकूल किया जा रहा है।

**लेखक संयुक्त संचालक, जनसंपर्क हैं**

# एक के बाद एक नेता प्रतिपक्ष को धमकियां

**शकील अख़्तर**

देश के प्रधानमंत्री खामोश हैं। पूरी दुनिया का मीडिया चिन्ता व्यक्त कर रहा है कि भारत जिसके प्रधानमंत्री विदेश में आकर बुद्ध का देश कहते हैं, शांति का संदेश देने वाले का देश वहां नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। एक के बाद एक कई नेताओं द्वारा। जिनमें एक केन्द्रीय मंत्री भी है। और जब इसके बारे में एक पत्रकार गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहते हैं तो वे सवाल पूछने वाले को डराते हैं। कहते हैं कि ऐसे सवाल मत पूछो। समझते नहीं हो। चुप रहो। और प्रधानमंत्री को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब इस बारे में पत्र लिखते हैं तो उसका कोई नोटिस नहीं लिया जाता।

प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि उनका मजाक उड़ाया गया। इन सौ दिनों से पहले चुनाव प्रचार में कह रहे थे कि उन्हें सौ गालियां दी गईं। इससे पहले पंजाब में पुलिस से कह रहे थे कि अपने मुख्यमंत्री से कह देना कि मैं जिन्दा वापस जा रहा हूं। देश के प्रधानमंत्री सिर्फ खुद के बारे बातें करते हैं। इस बात पर आंख कान बंद कर लेते है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनकी पार्टी के और सहयोगी पार्टी के नेता उनकी सरकार के मंत्री जान से मारने की बात कर रहे हैं। भयानक! देश में पहले कभी ऐसा हुआ कि सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष के नेता को जान से मारने की धमकी दे रहे हों, जबान काटने पर इनाम की घोषणा कर रहे हों। आतंकवादी कह रहे हों। यह माब लीचिंग का माहौल बनाना है। लोगों को भड़काने के लिए एक साजिश के तहत दिए जा रहे बयान। इस परिवार के दो लोगों की जो प्रधानमंत्री थे, हत्या की जा चुकी है। और वृहतर कांग्रेस परिवार को देखा जाए तो तीन लोगों की जिनमें महात्मा गांधी शामिल थे। देश के प्रधानमंत्री खामोश हैं। पूरी दुनिया का मीडिया चिन्ता व्यक्त कर रहा है कि भारत जिसके प्रधानमंत्री विदेश में आकर बुद्ध का देश कहते हैं, शांति का संदेश देने वाले का देश वहां नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। एक के बाद एक कई नेताओं द्वारा। जिनमें एक केन्द्रीय मंत्री भी है। और जब इसके बारे में एक पत्रकार गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहते हैं तो वे सवाल



पूछने वाले को डराते हैं। कहते हैं कि ऐसे सवाल मत पूछो। समझते नहीं हो। चुप रहो। और प्रधानमंत्री को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब इस बारे में पत्र लिखते हैं तो उसका कोई नोटिस नहीं लिया जाता।

आपको पीछे लिए चलते हैं। सरदार पटेल की तरफ। भाजपा बहुत याद करती है उनको। उन्होंने लिखा था महात्मा गांधी का हत्या के पहले कांग्रेस का विरोध करके और वह भी इस कठोरता से कि न अस्तित्व का ख्याल, न सभ्यता व शिष्टता का ध्यान रखा जनता में एक प्रकार की बैचेनी पैदा कर दी थी। सांप्रदायिक विष से भरी स्पीचेज कीं। उस जहर का फल अंत में यही हुआ कि गांधी जी की अमूल्य जान की कुर्बानी देश को सहना पड़ी।

जी हां यह लिखा था देश के गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस के संघ चालक गुरू गोलवलकर के उस पत्र के जवाब में जिसमें वे गांधी की हत्या के मामले में सफाइयां दे रहे थे। ये सारे पत्र % हिस्टोरिक डाक्यूमेंट आफ गुरुजी ङ्क गर्वमेंन्ट करसपान्डेंस ' में संग्रहित है।

तो सरदार पटेल के इस पत्र से साफ होता है कि महात्मा गांधी की हत्या से पहले भी ऐसा भी विषाक्त माहौल बनाया गया था। सरदार पटेल ने 19 सितंबर 1948 मतलब आज से जब आप यह पढ़ रहे हैं ठीक 76 साल पहले गोलवलकर के पत्र के जवाब में लिखा कि सरकार और जनता की जरा भी सहानुभूति आरएसएस के साथ नहीं रही, बल्कि उनके खिलाफ हो गई। महात्मा गांधी की हत्या पर आरएसएस ने जो हर्ष प्रकट किया तथा मिठाई बांटी उससे यह विरोध और बढ़ गया। यह सारा इतिहास याद दिलाया जाना इसलिए जरूरी है कि सिर्फ महात्मा गांधी की हत्या से पहले ही नहीं इन्दिरा गांधी की हत्या के पहले भी ऐसा ही माहौल बनाया गया था। अभी पंजाब के मुख्यमंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी और वहां विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दिल्ली में की एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने के लिए भी आरएसएस ने दबाव बनाया था।

उन्होंने आडवानी का नाम लेकर कहा कि उन्होंने यह स्वीकार किया है। और खतरनाक बात यह है कि एक तरफ सेना भेजने का दबाव बनाया और फिर इसके लिए प्रधानमंत्री इन्दिरा को शत्रु की तरह आरोपित करके उनके खिलाफ माहौल बनाया गया। इन्दिरा की हत्या भी उनके खिलाफ बनाए विषाक्त माहौल का परिणाम थी। राजीव गांधी की एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली ली गई थी। परिणाम उनकी हत्या। वीपी सिंह सरकार ने जिसका बीजेपी समर्थन कर रही थी 1989 में राजीव की सुरक्षा से खिलवाड़ किया। अब ऐसा ही राहुल गांधी की सुरक्षा के साथ हो रहा है। उनकी एसपीजी की सुरक्षा भी वापस ले ली गई। केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, एक भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के विधायक संजय गायकवाड़ और भाजपा नेता तरविन्दर सिंह मारवाह उन्हें खुले आम जबान काटने पर इनाम, जान से मारने की धमकी और आतंकवादी तक कह रहे हैं। और सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं। कांग्रेस ने दिल्ली सहित कई राज्यों में लिखित तहरीर दी। मगर कोई एक्शन नहीं।

क्या है यह? इतने गंभीर मामले में भी प्रधानमंत्री मौन! मनमोहन सिंह को कहते थे। वे तो मौन नहीं रहे। लोकसभा में जब योगी आदित्यनाथ ने रोते हुए अपनी जान को खतरा बताया था तो केवल उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ही नहीं, आसन पर बैठे लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी सबने उन्हें सुरक्षा का विश्वास दिलाया था।

ऐसी होती हैं सरकारें। यह नहीं कि उनके मंत्री नेता धमकियां दें और वे आपराधिक खामोशी ओढ़े रहें। जी हां यह आपराधिक खामोशी है। अपराध की खबर मिलने, अपराध किए जाने की सुचना के बाद भी कुछ नहीं करना अपराध में शामिल होना माना जाता है। और यह सिर्फ फौजदारी कानून के अपराध की बात नहीं है। बल्कि एक असफल स्टेट की निशानी है। असफल स्टेट अभी तक हम पाकिस्तान को कहते रहे। एक असफल राज्य जिसका अपने देश पर कोई नियंत्रण नहीं है।

मंगलवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को दूसरे प्रसंग में कहा। उसने कहा कि यह बुलडोजर संविधान पर हमला हैं। और उसका महिमामंडन उससे भी ज्यादा खतरनाक बात। कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर देना। उसने इसके विध्वंस के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी। बुलडोजर निर्माण कार्यों में आने के लिए बना। मगर उसे विध्वंस और उसे भी शान का प्रतीक बना दिया। रावण के अट्टहास की तरह। खैर वह एक अलग विषय है। मगर मूल एक ही है संविधान, कानून व्यवस्था, नियम, लोकतंत्र किसी की परवाह किए बिना अपनी शक्ति का प्रदर्शन। व्यक्ति की शक्ति। और यही असफल स्टेट की निशानी है। असफल राज्य और गर्वोन्मत शासक! मैं जो चाहे करूं। मेरी मर्जी! मगर दुनिया बहुत बड़ी है। अभी अमेरिका जा रहे हैं। वहां किसी ने पूछ लिया तो जवाब देते नहीं बनेगा। यहां के मीडिया से कहा जाएगा कि पूछने वाले के खिलाफ भी ऐसा ही विषाक्त माहौल बनाओ। किल द मैसेंजर! पत्रवाहक को ही मार डालो। सूचना देने वाले को खत्म कर दो। पूछने वाले को ही। समस्या पर मत जाओ! समस्या बताने वाले को आरोपित करो।

और अंत में यह बताते हुए खत्म करते हैं कि भारत सफल राष्ट्र ऐसे बना कि यहां के गृह मंत्री सरदार पटेल भूत और वर्तमान को समझ भी रहे थे और भविष्य के लिए चेतावनी भी दे रहे थे। अब जो पत्र हम कोट कर रहे हैं वह पटेल ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पत्र के जवाब में लिखा था। इसमें साफ कहा गया है कि आरएसएस की गतिविधियों से सरकार और राज्य के अस्तित्व को ही खतरा हो गया था। इसी खतरे की तरफ राहुल लगातार ध्यान दिलाते रहते हैं। और इसलिए वह निशाने पर हैं। बीस के करीब मुकदमे अलग अलग जगहों पर दायर कर रखे हैं। मगर उससे नहीं डरे तो अब सीधे जान से मारने की धमकी।

# जमानत की शर्तें तर्कसंगत हो

यह कैसी विडम्बना है कि केजरीवाल जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं लेकिन जेल से बाहर आकर मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते! सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत दी थी। इसके दो महीने बाद 13 सितंबर को उसने सीबीआई के मामले में भी उनको जमानत दे दी। दोनों ही मामलों में जमानत की एक समान और बेहद कठोर शर्तें लगाई गईं। मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए जैसी शर्तें लगाई गई हैं वह हैरान करने वाली हैं। क्योंकि खुद सर्वोच्च अदालत ने कई मामलों में कहा है कि जमानत देते समय सोच समझ कर शर्तें लगानी चाहिएं। केजरीवाल का मामला और भी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि जब वे जेल में थे तब सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था कि वे जेल में रह कर सरकार के फैसलों से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत कर सकते हैं या नहीं। लेकिन एक दूसरी बेंच ने उनको जमानत देते हुए फाइलों पर दस्तखत करने पर रोक लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने एक मामला आया था, जिसमें जेल काट रहे एक सजायाफ्ता याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली सरकार उसकी सजा माफ करने में देरी कर रही है। जजों ने इस बारे पूछा तो दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं इसलिए फाइलों पर दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं, जिससे देरी हो रही है। तब अदालत ने एडिशनल सॉलिसीटर जनरल से पूछा था कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए कोई प्रतिबंध आदेश है? बेंच ने कहा हम इसकी जांच करना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामले प्रभावित होंगे। इस सवाल पर एडिशनल सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वे इस मुद्दे पर निर्देश लेंगी। इसके बाद कोर्ट को बताएंगी। यह पांच सितंबर का मामला है। इसके एक हफ्ते बाद 13 सितंबर को जस्टिस उज्ज्वल भुइंया और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी लेकिन कई शर्तों में एक शर्त यह लगा दी कि वे फाइलों पर दस्तखत नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जाएंगे। आमतौर पर जमानत में जो शर्तें लगाई जाती हैं जैसे आरोपी सबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करेगा या मुकदमे के बारे में बयानबाजी नहीं करेगा, जमानत के बॉन्ड भरेगा, जरुरत होने पर अदालत और एजेंसी के सामने पेश होगा आदि, ऐसी सारी शर्तें केजरीवाल पर भी हैं।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**श्रीमती अनीता प्रवीण**

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स



और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

वर्ल्ड फूड इंडिया': वैश्विक स्तर पर फूड बास्केट' के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।

उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

**लेखक सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय हैं**



# दीपिका ने स्टोरी पर डाला वीडियो

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने अपना इंस्टा बायो बदलने के बाद अब फिर एक बार फैंस को अपनी पर्सनल लाइफ की झलक दी है। किसी भी अन्य मां की तरह दीपिका का पूरा दिन भी अभी अपने बच्चे के इर्द-गिर्द ही गुजर जाता है। एक्ट्रेस ने इंस्टा बायो बदलते हुए बताया था कि कैसे अभी उनका पूरा दिन बच्चे को फीड कराने और फिर उसे डकार दिकाकर सुलाने और फिर इसी क्रम को दोहराने में गुजर जाता है। अब अपनी इंस्टा स्टोरी में एक्ट्रेस ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसे फैंस के खूब लाइक्स मिल रहे हैं।

सभी नए माता-पिता दीपिका के इस वीडियो पर सहमति जता रहे हैं। दीपिका पादुकोण ने इस वीडियो को शेयर करते हुए बताया है कि कैसे बच्चे जब जागते हैं तो अचानक से अपना छोटा सा मुंह खोलकर खाने के प्रति बहुत लालायित होते हैं लेकिन फिर जैसे ही उन्हें खाना मिल जाता है या फिर दूध पीने लगते हैं तो इसी दौरान सो जाते हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है कि अगर बड़े भी नवजात बच्चों की तरह बर्ताव करते तो वो कैसा दिखता। वीडियो में एक लेडी बच्चों की तरह बर्ताव करके दिखा रही है जो काफी फनी है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के घर में पिछले दिनों एक नन्ही परी आई है। कपल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट करके फैंस को इस बारे में बताया था। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अभी तक बच्ची का नाम रिवील नहीं किया है, लेकिन फैंस को इसका बड़ी बेसब्री से इंतजार है। कपल की बात करें तो दोनों की लव स्टोरी संजय लीला भंसाली की फिल्म 'रामलीला' की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। दोनों ने करीब 8 साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद शादी कर ली। वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका जल्दी ही फिल्म सिंगम अगेन में नजर आएंगी।



# ट्विंकल ने निकाला मां से गुस्सा

ट्विंकल खन्ना अच्छी राइटर हैं, यह सब जानते हैं। वह अपने आसपास की चीजों पर बिंदास होकर इंट्रेस्टिंग कटाक्ष करती हैं। अपने एक रीसेंट आर्टिकल में उन्होंने गंदी सड़कों से लेकर वॉटर प्योरिफायर तक कई चीजों पर बात की। इतना ही नहीं उन्होंने मजाक में इच्छा भी जाहिर की कि काश डिंपल कपाड़िया की जगह हेमा मालिनी उनकी मां होतीं।

ट्विंकल खन्ना ने टाइम्स ऑफ इंडिया के लिए अपने आर्टिकल में लिखा कि वॉटर प्योरिफायर से पानी गिरने लगा तो उन्हें हेमा मालिनी की याद आ गई। वह लिखती हैं, 'देश में शुद्ध पानी देने के लिए हेमा मालिनी से ज्यादा इंट्रेस्टेड कोई नहीं है। कई साल तक वॉटर प्योरिफायर एंडोर्स करने के बाद वह गंगा के किनारे डांस परफॉर्म कर रही हैं ताकि नदियों को साफ रखने का मैसेज फैल सके। लेकिन क्या हमारे नागरिक उनकी अपील सुनेंगे, या फिर ये वही केस हो जाएगा कि आप एक घोड़े को पानी तक तो ले जा सकते हैं लेकिन पानी नहीं पिला सकते।' ट्विंकल ने लिखा कि हाल ही में वह अपनी मां डिंपल कपाड़िया से उन लोगों पर गुस्सा निकाल रही थीं जो सड़कों पर कचड़ा डालते हैं और गलियों के कोनों में पान की पीक से डिजाइन बना देते हैं। जब ट्विंकल डिंपल से शिकायत कर रही थीं कि उनके देश में साफ सड़कें, पानी, हवा और यहां तक की सामान्य सद्भावना तक नहीं है, डिंपल ने अपनी बेटी से कहा कि जितना इस वक्त वह शोर कर रही हैं इस बार गणपति विसर्जन में भी उतना शोर नहीं था। इसके बाद डिंपल ने फोन रख दिया।



# अशनूर कौर ने की हिना खान की तारीफ

अशनूर कौर ब्रेक के बाद छोटे पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि तीन साल तक वह कहां गायब रहीं। वह अब डेली सोप सुमन इंदौरी में दिखाई दे रही हैं। अशनूर ने ये रिश्ता क्या कहलाता है एक्ट्रेस हिना खान के कैंसर पर भी बात की। अशनूर ने हिना की हिम्मत की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि हिना जल्द ही ठीक हो जाएंगी। अशनूर कौर ये रिश्ता क्या कहलाता है में शिवांगी जोशी से पहले छोटी नायरा का रोल निभा चुकी हैं।


इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उनसे पूछा गया कि क्या हिना खान को कैंसर होने के बाद उनकी बात हुई? इस पर अशनूर ने जवाब दिया, 'मैंने हिना से बात की और उनको शुभकामनाएं दीं। वह बहुत स्ट्रॉन्ग महिला हैं। उनके रास्ते में जो भी आ रहा है उससे वो जिस तरह लड़ रही हैं, मुझे यकीन है कि वह बहुत जल्दी ठीक हो जाएंगी। वह इलाज के साथ काम भी कर रही हैं, ये हैरान करने वाला है। मुझे भरोसा है कि वह सबको अपना जादू और मजबूती दिखाती रहेंगी।' अशनूर ने बताया कि वह 3 साल तक पर्दे से गायब थीं ताकि अपना ग्रैजुएशन पूरा कर सकें। वह बताती हैं कि उनका कॉलेज (जयहिंद कॉलेज, मुंबई) अटेंडेंस को लेकर काफी स्ट्रिक्ट है। अशनूर बोलीं, 'मैं बहुत छोटी उम्र से काम कर रही थी। मैं ब्रेक लेना चाहती थी ताकि लोग मेरा बचपन और टीनेज भूल जाएं।' अशनूर की उम्र 20 साल है, वह 5 साल की उम्र से टीवी में काम कर रही हैं।

# राजश्री ने बताया आदिल संग क्यों खत्म किया रिश्ता?

बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत की सबसे अच्छी दोस्त राजश्री मोरे हमेशा अपने विवादित बयानों के लिए चर्चा में रहती हैं। वो कभी राखी को लेकर तो कभी उनके एक्स हसबैंड आदिल दुर्रानी को लेकर बेकाब बयान देती नजर आती हैं। हाल ही में राजश्री लंबे वक्त के बाद स्पॉट हुईं। इस दौरान उन्होंने आदिल और अपने बीच के मनमुटाव के बारे में खुलकर बात की। साथ ही राजश्री ने आदिल के साथ अपना रिश्ता तोड़ने की असली वजह के बारे में भी बताया। राजश्री मोरे ने हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान जब उनसे आदिल दुर्रानी से दोस्ती खत्म करने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कैमरे के सामने साफ कर दिया कि अब उनके बीच कोई रिश्ता नहीं है। राजश्री ने कहा, 'मैंने फिर से अपने ब्रेड बटर पर आ गई, चोर कंपनी बहुत घाटे में थी, चोर कंपनी ने मेरा बहुत इस्तेमाल किया। इसलिए मैंने चोर कंपनी छोड़ दी है। आदिल दुर्रानी सबसे बड़ा चोर और राखी सावंत उसकी मां, मैं किसी से नहीं डरती।'







# ऑस्कर 2025 में इंडिया को री-प्रेजेंट करेगी 'लापता लेडीज'



किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर अवॉर्ड 2025 के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। पितृसत्ता पर व्यंग्य से भरपूर इस फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है। ऑस्कर में जाने के लिए 'लापता लेडीज' मुकाबला बॉलीवुड की हिट फिल्म 'एनिमल', मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'अट्टम' और कान फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड पा चुकी 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' से था। असमी फिल्म के जाने-माने डायरेक्टर जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 मेंबर्स की कमिटी ने एकेडमी अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म कैटिगरी के लिए 'लापता लेडीज' को सर्वसम्मति से चुना है। भारत के ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी 'लापता लेडीज' मार्च 2023 में रिलीज़ हुई थी। यह 2001 में गलती से बदल गई दो दुल्हनों की कहानी पर आधारित फिल्म है, जिसमें एक मार्मिक कथा के साथ मजबूत सामाजिक संदेश देने की कोशिश की गई है। प्रतिभा रांटा,स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम, रवि किशन और नितांशी गोयल इस फिल्म में मुख्य किरदार हैं। फिल्म का प्रॉडक्शन आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव के किंडलिंग प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज ने मिलकर किया है। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिली थी। इसका वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 में हुआ था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 27.06 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



# स्वरा को सताने लगा था समाज का डर

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने पहली बार कार्यकर्ता और समाजवादी पार्टी के सांसद फहाद अहमद के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने उम्र की सीमा, समाज के बंधन और जात-पात के भेदभाव को नजरअंदाज करते हुए फहाद से शादी क्यों की। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी बताया कि फहाद से शादी करने का फैसला लेने से पहले उनके दिमाग में क्या चल रहा था। पढ़िए क्या बोलीं स्वरा। स्वरा और फहाद ने अमृता राव और आरजे अनमोल के शो 'कपल ऑफ थिंग्स' में शिरकत की।

स्वरा ने बताया कि उनकी और फहाद की मुलाकात मुंबई में हुए एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई, फिर दोस्ती हुई और फिर धीरे-धीरे प्यार हुआ। स्वरा बोलीं, "हालांकि मजेदार बात ये थी कि हम दोनों ये मानने के लिए तैयार ही नहीं थे कि हम दोनों के बीच कुछ हो सकता है क्योंकि हम दोनों बहुत अलग बैकग्राउंस से आते हैं। लेकिन हमारे आस-पास के सब लोग ये समझ चुके थे कि हमारे बीच कुछ है।"

स्वरा बोलीं, "एक समय ऐसा भी आया था जब मुझे समाज का डर लगने लगा था। मैं ऐसी इंसान हूं ही नहीं जो इस बात की परवाह करे कि लोग क्या सोचेंगे, लेकिन तब पता नहीं क्या हुआ। मैं लोगों के बारे में सोचने लगी। मैं ये सोचने लगी कि मेरे परिवार वाले और दोस्त क्या बोलेंगे।"स्वरा आगे बोलीं, "मुझे इस बात का तक डर सताने लगा था कि अगर मैंने फहाद से शादी की तो मुझे बॉलीवुड वाले अपनी पार्टियों में नहीं बुलाएंगे। मुझे समझ नहीं आया कि ऐसा क्यों हो रहा था मेरे साथ क्योंकि मैं ऐसी इंसान हूं ही नहीं जो इन सब चीजों को महत्व दे। एक तरफ, मैं धर्मनिरपेक्षता के नारे लगा रही थी और दूसरी तरफ ऐसी बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं।"स्वरा ने कहा कि उन्होंने अपने चाचा से बात की और फिर उन्हें समझ आया कि उन्हें फहाद ही पसंद है। इसके बाद फरवरी 2023 में विशेष विवाह अधिनियम के तहत स्वरा ने फहाद से शादी और फिर सितंबर 2023 में अपनी बेटी का इस दुनिया में स्वागत किया।



# कैलाश खेर का हो चुका तलाक

बॉलीवुड के जाने-माने गायक कैलाश खेर आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। 2004 में इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाले कैलाश आज अपनी दमदार आवाज के बल पर देश ही नहीं, विदेश में भी अपनी खास पहचान बना चुके हैं। लेकिन यहां तक पहुंचने का उनका ये सफर आसान नहीं था। कैलाश उन स्टार्स में से हैं जो कभी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात नहीं करते। उनके जीवन में क्या था और क्या चल रहा है वो उसे दुनिया के सामने लाना पसंद नहीं करते, लेकिन पहली बार उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के कई ऐसे राज पर से पर्दा उठाया, जिसके बारे में शायद ही लोग जानते होंगे।

कैलाश ने पहली बार अपनी शादी और बच्चे के बारे में खुलकर बात की। कैलाश खेर हाल ही में फिगरिंग आउट विद राज समानी के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। इस दौरान सिंगर ने पहली बार स्वीकार किया कि वो अपनी पत्नी शीतल के साथ नहीं रहते। इस पॉडकास्ट का एक वीडियो सामने है। इस वीडियो में कैलाश खेर कहते हैं, 'मैं पहली बार मैं आपके यहां बता रहा हूं। मेरी शादी भी हुई है मेरा बेटा भी है, 14 साल का कबीर। लेकिन शादी के दो-तीन साल बाद ही हम गृहस्थ में होते हुए भी वामप्रस्थ में हैं।' कैलाश खेर ने आगे कहा, 'हम विच्छेदन जिसको सेपरेशन कहते हैं वो हो गया। सब कुछ ठीक है, लेकिन परमात्मा जैसे रखना चाहता है वैसे ही रखता है। किस तरह से उसे रखना होता है कुछ आत्माओं को तो हमें उसमें भी नहीं फंसाया और आनंद में भी हैं हम लोग। कितने लोग तरस खाते हैं ये सुनकर कि हमें बहुत दुख है ये सुनकर। अरे चुक कर तू सॉरी बेटा, तुझ पर सॉरी हैं हम, तेरी हालत देख सब कुछ होते हुए भी कितना तन्हा है और हम तन्हा होते हुए भी कितने ज्यादा जुड़े हुए हैं लोगों से।' कैलाश का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# शिबा ने अख्तर परिवार पर की खुलकर बात

शिबानी दांडेकर ने फरहान अख्तर की पहली पत्नी अधुना भबानी की तारीफ की है। सिर्फ अधुना की ही नहीं, शिबानी ने अख्तर परिवार पर भी खुलकर बात की है। शिबानी ने इंटरव्यू में बताया कि फरहान अख्तर से शादी करने के बाद अब उनकी लाइफ कैसी है और उनका उनके बच्चों (फरहान अख्तर और अधुना भाबनी की बेटियों) के साथ कैसा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि फरहान और अधुना ने अपनी दोनों बेटियों को बहुत अच्छी परवरिश दी है। पढ़िए शिबानी ने और क्या कहा।

शिबानी ने रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट 'चैप्टर 2' में कहा, "अख्तर परिवार बहुत ओपन माइंडेड है। उनके सोचने और चीजों को देखने का तरीका बहुत अलग है। मैंने ऐसी सोच वाले लोग बहुत कम देखें हैं। शाक्य और अकीरा (फरहान अख्तर और उनकी पहली पत्नी अधुना की बेटियां) की भी परवरिश बहुत अच्छे तरीके से की गई है। यही कारण है कि मैं शादी के बाद इस परिवार में इतनी अच्छी तरह से ढल सकी।"पॉडकास्ट ने दौरान फरहान ने बताया कि इन दो सालों में शिबानी और उनकी बेटियों ने अपने रिश्ते को इतना स्ट्रॉन्ग बना लिया है कि अब उनका अपना अलग बॉन्ड है। इस पर शिबानी ने कहा, "इसका श्रेय फरहान और अधुना को जाता है। इन दोनों ने अपनी बेटियों की बहुत अच्छी परवरिश दी है। उन्हें ओपन माइंडेड और सेंसिटिव बनाया है। वे दोनों इतनी समझदार हैं कि मैं हर दिन उनसे कुछ नया सीखती रहती हूं।"



# धीरज धूपर ने ठुकराया सलमान के शो का ऑफर?

सलमान खान होस्टेड शो बिग बॉस 18 को लेकर दर्शकों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। शो के ग्रैंड प्रीमियर की डेट भी सामने आ चुकी है। वहीं, जैसे -जैसे शो का प्रीमियर नजदीक आ रहा है, कंटेस्टेंट की संभावित सूची और भी ज्यादा रोमांचक और दिलचस्प होती जा रही है। बीते रोज शो का एक नया प्रोमो जारी किया गया, जिसमें सलमान ने कई हिंट दिए हैं। इसी बीच अब दो कंटेस्टेंट, जिसकी एंट्री शुरू में पक्की बताई जा रही थी, अब उनके शो में न आने की खबर सामने आ रही है।

बिग बॉस 18 के शुरू होने में अब चंद दिन बाकी है। शो का प्रीमियर 6 अक्टूबर को रात 9 बजे सिर्फ कलर्स और जियो सिनेमा पर होने वाला है। ऐसे में कई बड़े नाम शो से जुड़ रहे हैं। लेकिन इसी बीच खबर अब धीरज धूपर को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। हाल ही में खबर आई थी कि बिग बॉस के लिए धीरज के नाम पर मुहर लग चुकी है। वहीं, अब biggboss__khabriii की रिपोर्ट के अनुसार धीरज धूपर शो का हिस्सा नहीं होंगे। फिलहाल इनके शो का हिस्सा न बनने की वजह सामने नहीं आई है। आपको बता दें कि धीरज को लेकर ये भी खबर थी वो इस सीजन सबसे ज्यादा फीस लेने वाली प्रतियोगी थी। बिग बॉस 18 के लिए अब तक कई नाम सामने आ चुके हैं। संभावित लिस्ट में पद्मिनी कोल्हापुरे, शहजादा धामी, नायरा बनर्जी, करम राजपाल, चाहत पांडे, अविनाश मिश्रा, निया शर्मा, कनिका मान, शोएब इब्राहिम, श्रीराम चंद्रा, दिग्विजय राठी, कशिश कपूर, जान खान, ईशा कोप्पिकर, सोनल वेंगुर्लेकर, मैक्टसर्ट, रित्विक धनजानी और समीरा रेड्डी, शिल्पा शिरोडकर, शांतिप्रिया का नाम सामने आ रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विगत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा जिसके तहत विभिन्न प्रकार के सेवा एवं सामाजिक कार्य जैसे स्वच्छता अभियान,सांस्कृतिक कार्यक्रम,एवं समाज में नैतिक जागरूकता फैलाई जा रही है इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी सराईपाली द्वारा सराईपाली में भरतलाल कपड़ा दुकान जस्तम्भ चौक के सामने एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आम जनता को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई कार्यक्रम में भाजपा नेता विपिन उपोवेज़ा ,त्रिलोचन पटेल,संजय शर्मा,आशीष दास उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल आयोजन में चिकित्सकों की टिम ,भाजपा जन सराईपाली एवं युवा भाजपा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल का विशेष योगदान रहा

### संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक मनरेगा भवन में रखी गई



**सरायपाली( समय दर्शन )।** विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक मनरेगा हाल सरायपाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एन दीवान की उपस्थिति में आयोजित की गई। उक्त बैठक में ग्रामवार उल्लास केंद्र का संचालन, निर्माण कार्य की अद्यतन जानकारी, असफल छात्रवृत्ति पर चर्चा,परख परीक्षा आयोजित होने के पूर्व विद्यालय स्तर पर मॉडल परीक्षा का आयोजन कर बच्चों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाना है, जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवश्यक चर्चा, सभी बच्चों के अपार आईडी कार्ड बनाने पर चर्चा एवं आगामी अक्टूबर माह से विकासखंड के 38 संकुल केंद्रों में 38 नवोदय कोचिंग सेंटर का संचालन किया जाना है जिसमें संकुल केंद्र के चयनित शिक्षक संकुल स्तर पर बच्चों को नवोदय कोचिंग प्रदान करेंगे एवं संकुल स्तर पर परीक्षा आयोजित कर उत्कृष्ट बच्चों को पुन: विकासखंड स्तर पर नवोदय कोचिंग प्रदान किया जायेगा। उक्त बैठक में विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### स्वस्थ हृदय के लिए धातु रहित एंजियोप्लास्टी का विकल्प- डॉ. सतीश सूर्यवंशी



**रायपुर** / कोरोनरी धमनी रोग या धमनी अवरोधों के लिए एंजियोप्लास्टी कराते समय, सभी उपलब्ध उपचार विकल्पों को समझना बेहद ज़रूरी होता है। परंपरागत रूप से, धमनियों को खुला रखने के लिए एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाओं में धातु के स्टेंट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता रहा है। हालाँकि, हाल ही में हुई प्रगति ने बायोरिसॉर्बेबल स्कैफोल्ड्स (बीआरएस) और ड्रग-कोटेड बलून (डीसीबी) जैसे बेहतरीन विकल्प पेश किए हैं। इन नए विकल्पों के बारे में अपने हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ खुली चर्चा करना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा निर्णय लेने के लिए बेहद मायने रखता है। , एसएमसी अस्पताल, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, निर्देशक, हृदय रोग विशेषज्ञ, ने कहा कि अब बिना जटिलताओं के वह अपनी दैनिक दिनचर्या जारी रखने में सक्षम है।ड्रग-कोटेड बलून के संभावित लाभों का एक वास्तविक दुनिया में उदाहरण पहले से स्टेंट की गई धमनी में फिर से संकुचन का उपचार है, एक स्थिति जिसे इन-स्टेंट रेस्टेनोसिस (आईएसआर) के रूप में जाना जाता है। ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट (डीईएस) की उच्च सफलता दर के बावजूद, कुछ रोगियों को विभिन्न कारणों से धमनी में फिर से संकुचन का अनुभव होता है। हाल ही में, एक 46 वर्षीय पुरुष रोगी पिछली स्टेंटिंग प्रक्रिया के तीन महीने बाद ही सीने में दर्द की शिकायत के साथ हमारे पास आया था। उसकी स्थिति का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद, हमने स्टेंट की गई धमनी को फिर से खोलने के लिए नई ड्रग-कोटेड बलून तकनीक का उपयोग करने का फैसला लिया। एक और धातु का स्टेंट लगाने के बजाय, हमने डीसीबी की मदद से सीधे लक्षित स्थान पर एक चिकित्सीय दवा छोड़ने का विकल्प चुना।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय कोमाखान में 61 छात्राओं को सायकल का वितरण

**बागबाहरा( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण का कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत महासमुंद की सभापति अल्का चंद्राकर,अध्यक्षता हिरेंद्र उपाध्याय ह्यद्रस्त्रष अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सरपंच वीणा वाकडे,दुबेलाल साहु,नितिन जैन,पंकज जैन,माधव मांझी,अजय साहू,संतोष यादव,गोरखनाथ यादव,प्रदीप यादव,राम बहादुर थापा,गोमती यादव, भीमा साहु,हरीश गौतम,माहेश्वरी,मोनिका चंद्राकर आदि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर किया।



मुख्य अतिथि अल्का चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र व राज्य शासन अनेक योजनाएं चला रही है। इसका लाभ पात्र हितग्राही ले सकते हैं। छात्राओं को सरस्वती योजना से साइकिल मिलने पर अब घर से स्कूल पैदल आना नहीं पड़ेगा। इससे समय की बचत होगी। इसका उपयोग छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई के कार्यों में कर सकते हैं।हिरेंद्र उपाध्याय,नितिन जैन ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए नियमित स्कूल आने पढ़ाई करने की बात कही।

इस दौरान कक्षा नवमीं में अंग्रेजी माध्यम के 07 हिंदी माध्यम के 54 कुल 61 अध्यनरत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। छात्रों को साइकिल प्रदान करते हुए विद्यालय के प्राचार्य हीरासिंग नायक ने बताया कि विद्या अध्ययन में बालिकाओं के लिए दूरी बाधक न हो इसलिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत की गई थी। सरस्वती साइकिल योजना के तहत प्रदेश की बालिकाओं को साइकिल वितरण कर घर से स्कूल की दूरी को कम कर दिया है। प्राचार्य ने सभी बालिकाओं को नियमित रूप से समयानुसार विद्यालय आने और पढ़ाई कर अपने स्कूल और माता -पिता का नाम रोशन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अनिरुद्ध साहू उप प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी।इस अवसर पर विद्यालय में इस योजना के प्रभारी सुनील कुमार शुक्ला,कुंदन यादव,व्याख्याता सुषमा बड़ा,अमरीका साहू,अंकिता व्यौहार,कविता चंद्राकर,सना मुमताज,स्वाति सोनी,टोकेश्वरी धीवर, कुसुमलता साव,मधुलाल गायकवाड, हिमांशु सोनी, सोहन पटेल, हिरेंद्र देवांगन, हेराल्ड सिन्हा सहित शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। मंच संचालन ईशा शुक्ला द्वारा किया गया।

# धान की फसल के बचाव के लिए कृषि विभाग की सलाह

### जहरीले दवा बनाने या छिड़काव के लिए कभी भी घरेलू बर्तनों का प्रयोग ना करें : उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )/** धान की फसल के बचाव के लिए कृषि विभाग के उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा है कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में धान की फसल अब गभोट अवस्था या फूलआने की अवस्था में आना प्रारंभ हो गई है। इस समय सर्वाधिक कृषक धान में लगने वाले कीट एवं बीमारियों की समस्या से जूझ रहे है, जिसकी रोकथाम हेतु कृषि विभाग के विकासखण्ड एवं जिला कार्यालय में किसान बार-बार आ रहे है एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से समसमायिक चर्चा एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषकों द्वारा कीट बीमारी एवं जंगली चूहों से फसल क्षति निवारण के लिए उपचार हेतु प्रश्न किये जा रहे है। धान में लगने वाली कीट व्याधियों की समस्या के निवारण हेतु कीटनाशक, पीड़कनाशी, फफुंदनाशक एवं जीवाणुनाशक के उचित प्रयोग हेतु समसमायिकी जानकारी प्रदान की जा रही है, जिसमें धान के मुख्य विनाशकारी कीट पीला तना छेदक, भूरा माहू, गंधीबग, शीटब्लाईट, ब्लास्ट, जीवाणु जनित झुलसा एवं जंगली चूहे द्वारा फसल को अत्यधिक नुकसान पहुंचाया जाता है। भूरा माहू कीट धान के पौधों से निरंतर रस एवं पोषकतत्व चूसता है। इसके अत्यधिक प्रकोप के कारण पौधा प्रारंभ में पीला एवं अंत में भूरा होकर नष्ट हो जाता है। प्रकोप होने पर धान के खेत में एक भूरे रंग का गोलाकार धब्बा दिखाई देता है, जिसे हाईपर बर्न कहते है, इसके निवारण हेतु पायमेट्राजीन 50 प्रतिशत डब्लू.जी. 120 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ या डाइनोटेफ्यूरॉन 20 प्रतिशत एस.जी. 80 ग्राम मात्रा प्रति एकड या थायो मेथेक्जाम 25 प्रतिशत डब्लू.जी. 40 ग्राम प्रति एकड़ उपयोग कर सकते है। तना छेदक कीट कल्ले निकलने की अवस्था में पौधों पर आक्रमण करता है। केन्द्रीय भागों को क्षति पहुंचाता है, परिणाम स्वरुप पौधा सूख जाता है। इस कीट के निवारण हेतु कार्टाप हाइड्रोक्लोराईड 50 प्रतिशत एस.पी. 400 ग्राम प्रति एकड़ या बाईफेनथ्रिन 10 प्रतिशत ई.सी. 200 मि.ली. प्रति एकड़ अथवा क्लोरानट्रेनिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत एस.पी. 60 मि.ली. प्रति एकड़ दवा का छिड़काव करें। शीटब्लाइट एवं ब्लास्ट रोग के प्रकोप से पत्तियां एवं तने में आंख के आकार के भूरे धब्बे एवं लंबी-लंबी धारियां बनती है जो बाद में सूख कर झुलस जाती है, जिसके निवारण हेतु ट्राईसायक्लाजोल 75 प्रतिशत डब्लू.पी. एवं कार्बेडाजिम 200 ग्राम प्रति एकड़ छिड़काव करना चाहिए। जीवाणु पत्ती झुलसा रोग में पौधों की नई अवस्था में नसों के बीज पारदर्शिता लिये हुए लंबी-लंबी धारियां पड़ जाती है। जो बाद में कत्थाई रंग ले लेती है। इसके उपचार हेतु स्ट्रेप्टोमाइसिन




सल्फेट टेट्रासाइक्लिन 120 ग्राम एवं साथ में कॉपर आक्सीक्लोराइड 500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करते है इस रोग हेतु खेतों में पोटाश का उपयोग भी लाभप्रद होता है। आजकल जंगली चूहों द्वारा फसलीय खेत को फसल की सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। चूहे फसलों को हानि पहुंचाने के साथ प्लेग व लेप्टोस्पायरोसिस नामक संक्रामक रोग भी फैलाते हैं। चूहों के पेशाब में लेप्टोसोरायसिस नामक जीवाणु होते हैं जो अनाज, दालों, सब्जियों तथा फलों के माध्यम से मनुश्यों में पहुंच जाता हैं। इसके अलावा यह रोग खेत में काम करने वाले किसानों में नमी व कीचड़ युक्त माहौल में चूहों के मूत्र करने से पहुंचकर बुखार के साथ लीवर व किडनी को भी प्रभावित करता है। चूहों में खाने, सुनने, स्वाद चखने तथा सुंघने की विशेष शक्ति के कारण इनका नियंत्रण करना बहुत ही कठिन होता है। खेतों में चूहों के प्राकृतिक नियंत्रण हेतु खेत के किनारे एवं मध्य में शिकारी पक्षियों के बैठने के लिए खम्भे लगाने चाहिए। रासायनिक नियंत्रक के रुप में जिंक फास्फेट चूहों के मारने के लिए कारगर विष है। इसके जहरीला लड्डू बनाने के लिए मक्का, चावल, गेहूं, चना का एक किलो आटा या बेसन या अनाज के दाने में 25 ग्राम जिंक फोस्फाइड विष, 20 ग्राम गुड़, 20 ग्राम सरसों का तेल मिलाकर विषाक्त 10-10 ग्राम के लड्डु कागज में पुड़िया बनाकर चूहों के बिल में रखनी चाहिए। विषाक्त लड्डू प्रयोग करने से दो-तीन दिन पहले अनाज के दाने या आटे की सरसों के तेल मिलाकर बनाई गोलियां या पुड़िया रखकर चूहों को लुभाना चाहिए। इसके बाद ही विषाक्त लड्डू जिंदा बिलों में रखें। लड्डू बनाने के लिए कभी घर के बर्तनों का प्रयोग ना करें। विष मिला लड्डू व चूहे मार दवा बच्चों, पालतू पशुओं, जानवरों तथा पक्षियों की पहुंच से दूर रखें।

# 3 दिन के अंदर, नहीं तो होगी बड़ी कार्रवाई

**गेंददास मानिकपुरी( सिटी रिपोर्टर )/ महासमुंद ( समय दर्शन )।** पिछले दिनों करणी कृपा पावर प्लांट में महामारी घटने ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। मीडिया की टीम ने भी प्लांट के संचालन के लिए कई प्रश्न पूछे। की, ग्राम खैरझीटी, महासमुंद में हुई मौत के संबंध में पत्रिका एवं जिला दंडाधिकारी के साथ संबंध में देरी से जानकारी दी गई सहायक अभियंता, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, कक्ष क्रम 22। -बलौदा बाजार-भाटापारा को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**करणी कृपा पावर प्लांट के सहायक सलाहकार पर गिरी गाज-** 03 दिन के समसामयिक साक्षात्कार में स्पष्टी कारण की बात कही गई है, अन्यथा क्यों न आपके निर्देशात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। ज्ञातव्य है कि, करणीकृपा पावर प्लांट खैरझीटी तहसील व जिला महासमुंद में 08 सितंबर 2024 को दुर्घटना होने से 03 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे, इसकी सूचना प्रबंधन पुलिस / जिला प्रशासन को नहीं दी गई थी।

विलंब से जानकारी की जानकारी के संबंध में सहायक वैज्ञानिक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को 03 दिन के भीतर समसामयिक स्थिति में नियुक्ति के लिए आदेश दिया गया है, डॉक्टर ने कहा कि, आपके पास कोई अनुमति नहीं है। 22 सितम्बर 2024 को सोशल मीडिया अखबार में प्रकाशित खबर में हुई दुर्घटना की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई। इस कार्यालय द्वारा दुर्घटना की जांच के लिए




अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद एवं श्रमिक महासमुंद की टीम द्वारा दुर्घटना की जांच दिनांक 23 सितंबर 2024 को प्रतिवेदन सामांज में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि 13 सितंबर 2024 को आपके महासमुंद जिले में करणीकृपा पावर प्लांट ग्राम खैरझीटी में आयोजित दुर्घटना की जांच की गई, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को नहीं दी गई। 23 सितंबर 2024 को जिला प्रशासन टीम द्वारा जांच के लिए आपके कार्यालय को मुख्य कारखानेदार निरीक्षक सह श्रम कलाकार को दुर्घटना की सूचना दी गई, इस कार्यालय को जांच के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त उक्ति गंभीर घटना आपके सामाने में होने के बावजूद इसकी सूचना जिला प्रशासन को नहीं दी गई। सोशल मीडिया एवं अखबारों में जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई है।

# सेवा पखवाड़ा-बच्चों की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन




**सरायपाली( समय दर्शन )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व द्वारा दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बच्चो की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सराईपाली में किया गया जिसके तहत विद्यालय के छात्रो को निम्नलिखित चार विषय पर्यावरण के लिए नवाचार,शिक्षा के छेत्र में नवाचार जिससे तकनीकी एवं तार्किक कौशल को आने वाली पीढ़ी में बढ़ाया जा सके,नदी नाले तालाब एवं स्वच्छता के लिए जागरूकता कैसे समाज में फैलाई जा सके,आधुनिकता को अपनाते हुए समाज में सांस्कृतिक विरासत को आगे की पीढ़ी में कैसे सतत पहुँचाया जा सके इन विषयों पर छात्रो से उनके विचार आमंत्रित किए गए थे जिनमे कुल 22 छात्रो ने अपने अपने विचारों को आए हुए अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिनमे सर्वश्रेष्ठ तीन विचारों को पुरस्कृत किया गया प्रथम पुरस्कार 2100 दिनेश यादव, द्वितीय 1100 कविता साहू,एवं तृतीय 500 ईशा साहू को,प्रदान किए गये उक्त कार्यक्रम में संजय शर्मा,विपिन उपोवेज़ा,सरिता साहू,बिहारी लाल अग्रवाल,धनेश नायक ,प्रखर अग्रवाल उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं संगम सेवा समिति का विशेष योगदान रहा मंच संचालन त्रिलोचन कर एवं कार्यक्रम का प्रबंधन रमेश प्रधान द्वारा किया गया

### एम एंड बी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**रायपुर।** एम एंड बी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी 325 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और 328 करोड़ रुपये तक के ऑफर फॉर सेल के जरिए फंड जुटाने की योजना बना रही है। कुल ऑफर साइज 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों तक है, जो कुल मिलाकर 653 करोड़ रुपये तक है। कंपनी प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) और सेल्फ-सपोर्टेड रूफिंग समाधानों में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है, जिसकी 31 अगस्त, 2024 तक पीईबी के लिए 103,800 एमटीपीए और सेल्फ-सपोर्टेड रूफिंग के लिए 1.8 मिलियन वर्ग मीटर सालाना की प्रभावशाली स्थापित क्षमता है (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)।

# नशामुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता परिक्षा का आयोजन

## लगातार 24 वर्षों से नशामुक्ति जागरूकता अभियान

**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** विगत 24 वर्षो से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो को जनमानस तक पहुंचाने एवं नशामुक्त भारत निर्माण हेतु कृत संकल्पित गांधी आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह के तत्वाधान में नशा उन्मूलन,नशामुक्ति संकल्प कार्यक्रम, नशामुक्ति रैली तथा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के पावन अवसर पर नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशामुक्ति हेतु प्रेरित किया जा रहा है ।

वर्तमान समय में कम उम्र के बच्चों द्वारा नशापान की ओर बढ़ते कदम, नशापान से सड़क दुर्घटना, असमय में मृत्यु , बलात्कार हत्या जैसे जघन्य अपराध , सड़क दुर्घटना को देखते हुए महाविद्यालय, हायर सेकेंडरी ,हाईस्कूलों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं आबकारी एक्ट से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन प्रथम चरण में स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली एवं डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आयोजित किया गया ।

सरायपाली विकासखंड सहित धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों एवं हायर सेकेंडरी, हाई स्कूलों में नशामुक्ति संबंधित भाषण तथा परीक्षा आयोजित कर नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ।

जिसके अंतर्गत स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली एवं महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, नशामुक्त अभियान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान तथा डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा केरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल ,राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जी के जीवन से एवं आबकारी एक्ट तथा छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज दिनांक 26/09/2024 दीन गुरुवार को किया गया ।

दोनों महाविद्यालय में छात्र-



छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा पूर्ण रूप से निशुल्क था। महाविद्यालय में अध्यनरत नियमित विद्यार्थी ही सम्मिलित हुए । प्रश्न पेपर भी दोनों महाविद्यालयों द्वारा तैयार किया गया । सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा में स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में 300 छात्र छात्राओं ने तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा से 2।। छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया ।

प्रश्न पेपर जांचने का कार्य भी दोनों महाविद्यालयों द्वारा किया जायेगा । सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक विद्यार्थी को सांत्वना पुरस्कार युवा समाज सेवी रुपेश कुमार द्वारा प्रदान किया जायेगा।

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम पुरस्कार 5001/(पांच हजार एक) रूपए, द्वितीय पुरस्कार 3001/(तीन हजार एक) रूपए,तृतीय पुरस्कार 2001/(दो हजार एक) रूपये रहेगा । डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा 2024 में प्रथम पुरस्कार 5001/(पांच हजार एक) रूपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 (तीन हजार एक) रुपए ,तृतीय पुरस्कार 2001(दो हजार एक) रूपए रहेगा । पुरस्कार युवा समाज सेवी रूपेश कुमार द्वारा प्रदान किया जाएगा ।

स्वर्गी राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में नशामुक्ति एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक30/09/ 2024 दिन सोमवार को भारत स्काउट गाइड सरायपाली के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी के मुख्य आतिथ्य,अध्यक्षता पी के भोई प्राचार्या स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली ,विशिष्ट अतिथि नम्रता चौबे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली तथा युवा समाज सेवी रुपेश कुमार होंगे।

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रमुख रूप से प्राचार्या पी के भोई , डॉ श्रीमती संध्या भोई , डॉ राधेश्याम पटेल, खीरसागर पटेल , दीपक कुमार पारेश्वर ,गायत्री प्रसाद पटेल, श्रीमती खुशबू पटेल, कुमारी सुष्मिता भोई, नरेश कुमार जगत, प्रवीण कुमार साहू, श्रीमती बनीता साहू,राजकिशोर पटेल, डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में प्राचार्या श्रीमती अनीता चौधरी, गजानंद नायक संयोजक रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, रमेश पटेल, जितेंद्र पटेल ,कमला दीवान, किरण कुमारी ,अंजला लकड़ा, ऋतुराज भोई ,माधुरी प्रधान, सहायक प्राध्यापक ,मुकेश नाग, विद्याकांत कश्यप, दुर्योधन सिदार ,विनोद मिर्धा, सूर्यकांत गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रहास प्रधान ,उपाध्यक्ष तिलकराम पटेल( नशामुक्त भारत निर्माण अभियान के यूट्यूबर, कार्यक्रम सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा विशेष सहयोगी) , संयोजक दुखनाशन प्रधान,सचिव भवभजन प्रधान ,प्रफुल्ल सराफ का विशेष योगदान रहा ।

## खबर-खास

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2024 पर पर्यावरणीय निरंतरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



**बैंगलोर:** विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण निरंतरता के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इधर कुछ वर्षों में, टीकेएम ने सचेत रूप से निरंतर जारी रहने वाले व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाया है और एक कार निर्माता से मोबिलिटी कंपनी में बदल रही है। 'पृथ्वी के प्रति सम्मान' के अपने सिद्धांत के अनुसार, टोयोटा ने अक्तूबर 2015 में वैश्विक स्तर पर 'टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050' (टीईसी 2050) की घोषणा की, जिसमें छह पर्यावरणीय चुनौतियाँ शामिल हैं। तीन चुनौतियों का पहला सेट हमारे उत्पादों और विनिर्माण गतिविधियों सहित इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला से कार्बन तटस्थता प्राप्त करने पर केंद्रित है। बाद की तीन चुनौतियों का उद्देश्य शुद्ध सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है। टीईसी 2050 के साथ तालमेल में, टीकेएम की बहुआयामी रणनीति ऐसे अभिनव समाधान प्रदान करना जारी रखे हुए है जो उत्पाद और सेवा पेशकशों से परे हैं। इसमें प्रकृति संरक्षण (जैसे वनरोपण, देसी जैव विविधता की खेती आदि), संसाधन दक्षता (जल, सामग्री और ऊर्जा प्रबंधन) तथा रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग पहल आदि को आगे बढ़ाने और बहुत कुछ के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके अलावा, कंपनी के पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रयास न केवल पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि विभिन्न हितधारकों (कर्मचारी, समुदाय, आपूर्तिकर्ता, डीलर, स्कूली बच्चे, आदि) के बीच ऐसे जीवन को बढ़ावा देते हैं जो निरंतर चलता रहे ताकि एक दोबारा उपयोग आधारित समाज को सक्षम बनाया जा सके और 'प्रकृति के साथ सद्भाव' में भविष्य का एक समाज स्थापित किया जा सके।

### आवारा मवेशियों के रोकथाम के लिए चलाया जा रहा व्यापक अभियान

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सड़कों से घुमंतू एवं आवारा मवेशियों को हटाने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सड़को में घुमने वाले मवेशियों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की पहल की जा रही है।आवारा पशुओं को सड़को से सुरक्षित हटाने के लिए काऊ केचर की टीम लगी हुई है।टीम के सदस्यों द्वारा पशुओं को सुरक्षित रूप से गाड़ियों में रखकर नजदीकी गौशाला एवं गौठाना में भेजा रहा है।गौशाला एवं गौठाना में चारे पानी की व्यवस्था की गई है।जिससे पशुओं के भोजन की भी समस्या नहीं होगी।मवेशियों के रोकथाम के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए क्षेत्रों नगर पालिका गरियाबंद,नगर पंचायत कोपरा सहित फिंगेश्वर में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।साथ ही पशु मालिकों से अपील भी की जा रही है कि अपने मवेशियों को खुले में न छोड़े इससे सड़कों में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।जानबुझ कर अपने मवेशियों को सड़को में खुले छोड़ने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही के बारे में भी लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# सरपंच संघ ने कलेक्टर के खिलाफ सड़क पर बैठे 3 घंटे तक रहा चक्का जाम

**सारँगढ़ योगेश कुर्रे (समय दर्शन)** सारंगढ़ भारत माता चौक में सरपंच संघ और जनपद सदस्य के साथ कांग्रेस दल के नेताओ और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके लगभग 3 से 4 घण्टा तक चक्का जाम करके विरोध प्रदर्शन किया।आंदोलनकरियो द्वारा स्कूली बच्चे से भरे गाड़िया और एम्बुलेंस जैसे गाड़िया को आने जाने दिया जा रहा था लगभग 500 की।संख्या में लोग सड़क पर बैठे रहे और जमकर जिला प्रशासन कलेक्टर के खिलाफनारे लगाते रहे सारंगढ़ का भारत माता चौक ही एक ऐसा स्थान है जहा त्रि मूर्ति रुपी मार्ग है जहा सारंगढ़ से बिलासपुर,सरायपाली,रायगढ़ जाने वाले मुख्य मार्ग पूरी तरह से जाम हो गए जिससे कई घंटो तक ग्रामीणों और राहगीरों को भारी मुस्किलो का भी सामना करना पड़ा बस ,ट्रक, कार, बाइक सबके पहिए थम चुके थे

**भारी बरसात के बीच आंदोलनकारियों जमे रहे-** 3 से 4 घण्टे के चक्काजाम में लगभग डेढ़ से दो घण्टे की बीच लगातार बारिश हुई जिसमें सरपंच संघ और बीडीसी संघ जनप्रतिनिधि भीगते भीगते चक्का जाम का मोर्चा सम्हाला और अपनी माग को लेकर भीगते सड़क पर नारे लगाते रहे भारी बारिश में भी उनका हौसल नही टूटा लगातार डटे रहे

**गौण खनिज कार्यों के अनुमोदन नही करने में किया गया चक्का जाम-** गौण खनिज की प्रस्तवित सूची को अनुमोदन नही करने पर कलेक्टर को सारँगढ़ सरपंच संघ ज्ञापन सौपा जिसमे जनपद पंचायत में प्रस्तावित गौण खनिज की सामग्री राशि आवश्यक निर्माण कार्य हेतु



जनपद में प्रस्तवित दिनांक 21/06/2024 को तथा प्राक्कलन अनुमोदन के लिए 02/09/2024 को जिला पंचायत भेजा गया था तत्पश्चात जिला पंचायत से आपके पास अनुमोदन के लिए 09/09/24 भेजा गया है। परन्तु आज पर्यंत तक कलेक्टर द्वारा इसमें कोई कार्यवाही नही किया गया जिसको लेकर चक्का जाम विरोध प्रदर्शन किया गया ।

**लगभग 1 से 2 घण्टे के बीच दो आईएएस एसडीएम चंद्रकार और साहू डटे रहे आश्वाशन के बाद चक्काजाम खुला-** जैसे ही आंदोलनकारियों ने भारत माता चौक में चक्का जाम करने उतरे जिला प्रशासन की टीम ने अपनी प्रतिनिधि मंडल एसडीएम चंद्राकर व डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू के साथ डी एस पी अविनाश मिश्रा, एसडीओपी स्नेहिल साहू,और दर्जनों पुलिस बल भी तैनात रहे वही एक दो घण्टो से बारिश के बीच लगातार आंदोलनकारियों को समझाइश दिया और प्रतिनिधि मंडलों को भी भारी मशक्कत करनी पड़ी थी जहा लगातार चक्का जाम हटाने के लिए मेहनत करनी पड़ी एक दो घंटे तक उन्हे भी धरना स्थल पर मुखबधिर होकर बैठना पड़ा था आश्वासन लिखित में मागने की वजह से लंबा जाम लगा और अंत में एसडीएम चंद्रकार न कहा कि 3 से 5 दिनों के अंदर गौण खनिज मद के विकास कार्यों को अनुमोदन कराया जाएगा ततपश्चात सरपँच संघ व बीडीसी व नेता गण ने चक्का जाम खोला वही अंत में चक्का जाम का समापन करते हुए प्रदर्शनकारियों ने अंतिम चेतवानी यह भी दिया की अगर आश्वासन दिए हुए समय सीमा में अगर नहीं किया जाता है तो आगामी दिनों में इसे बढ़ा आंदोलन करेंगे और उग्र करेगे ये भी आप देख लेना।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉक गरियाबंद के ग्राम खरहरी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज आकांक्षी ब्लॉक गरियाबंद के ग्राम खरहरी में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल,जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर,जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव एवं उपस्थित जनप्रतिधियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता के संबंध में मानव श्रृंखला बनाकर गांव को स्वच्छ रखने की अपील की गई। कलेक्टर सहित उपस्थित अतिथियों ने स्वच्छताग्राही समूहों को स्वच्छता किट का वितरण किया। सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत श्रीमती दीपिका ध्रुव को दो लाख रूपये का चेक, ग्रामीण बैंक द्वारा 10 मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जांच एवं श्रमिक पंजीयन कार्यक्रम के दौरान किया गया।



इस दौरान जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि दीदियों और ग्रामीणों को अपने घर, मोहल्ले के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्रों को भी स्वच्छ रखने की समझाइश दी गई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी लोगों को स्वच्छता के लिए अपने घर से शुरुआत करते हुए अपने आसपास को साफ-सफाई रखे।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।यह अभियान पूरे देश में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को स्वभाव में अपनाने के कारण ही गरियाबंद जिले में बारिश के पूर्व नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नालियों एवं कचरे वाले स्थानों को साफ-सफाई कराया गया था।जिसके परिणाम स्वरूप विगत वर्षो की अपेक्षा बीमारियों का प्रकोप कम हुआ है।उन्होंने कहा कि स्वच्छता सीधे स्वास्थ्य से जुड़ी है।उन्होंने सभी से अपील की कि सभी स्वच्छता को गंभीरता से लेते हुए अभियान के थीम स्वरूप स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता को अपनाएं।स्वच्छता की शुरुआत अपने घर, मोहल्ले से करें।शासन-प्रशासन स्वच्छता के लिए कार्य कर रहीं है।इसके लिए नगरीय निकाय के तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र में भी गीला कचरा एवं सूखा कचरा के निपटान के लिए स्वच्छता हितग्राही घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन कर रहे है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मौजूद सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई जिसमें स्वयं स्वच्छता को अपनाने के साथ 100 और लोगों को प्रेरित करने, स्वयं गंदगी ना करने और किसी अन्य को भी ना करने देने की शपथ ली गई।उन्होंने स्वच्छता रैली का नेतृत्व करते हुए दुकानों में स्वयं जाकर लोगों से गंदगी न करने और स्वच्छता बनाए रखने हेतु दीदियों का सहयोग करने की अपील की।इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत अमजद जाफरी,जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत,जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण परवेज हनफी एवं लता निषाद,स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन,अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ए टी एम में चोरी की कोशिश, पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना होने से बची




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नगर में संचालित केनरा बैंक के ए टी एम में चोरी होने की घटना नगर पुलिस की सक्रियता से बच गई

।ज्ञात हो की बीते देर रात नगर के बाजार में संचालित केनरा बैंक के समीप ही उसी बैंक का ए टी एम संचालित है।वही ए टी एम में देर रात अज्ञात चोरी के द्वारा असफल चोरी का प्रयास किया गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार बीते रात को सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा दैनिक सर्चिंग के दौरान सर्चिंग वाहन बाजार की ओर से देर रात निकली उसी दौरान केनरा बैंक के ए टी एम के पास से एक दो युवकों को पुलिस वाहन देखकर भागते देखा गया।उन्हे भागते देखा शंका के आधार पर पुलिस सर्चिंग वाहन ए टी एम के पास रुकी तब देखे की ए टी एम की सटर को तोड़कर अंदर रखे ए टी एम को तोड़ने की कोशिश किया जा रहा था, उसी दौरान पुलिस सर्चिंग वाहन के सायरन को सुनकर अज्ञात चोर भाग निकले और एक बड़ी घटना होने से बच गई।इस सर्चिंग को देखकर पुलिस टीम पूरी रात उस जगह की निगरानी किए और सुबह होने पर बैंक कर्मचारियों की मौजूदगी में ए टी एम की जांच किया गया जहा देखे को चोरी का असफल कोशिश किया गया,वही पुलिस की सक्रियता इस नाकामी के लिए अहम साबित हुई।वर्तमान में आयोजित विभिन्न त्योहारों को लेकर पुलिस विभाग द्वारा सर्चिंग कार्य में बढ़ोतरी किया गया उसी के परिणाम स्वरूप ये बड़ी घटना होने से बच गया।

## कमार, भुंजिया सदस्यों को मछलीपालन का प्रशिक्षण देकर बनाये स्वावलंबी - कलेक्टर

### आवारा मवेशियों को गौशाला में रखवाने गंभीरतापूर्वक करें कार्य

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग सहित मछलीपालन, पशुपालन हस्तशिल्प, बांसशिल्प,खादीग्रामोद्योग एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली।उन्होंने विभागों में चल रहे कार्यो एवं योजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्यो में प्रगति की समीक्षा की।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मछलीपालन विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग अंतर्गत मछली पालन लक्ष्य,मछली बीज उत्पादन, मछली प्रक्षेत्र,मत्स्य बीज संवर्धन,मछुआरों की संख्या एवं शासकीय एवं निजी तालाबों में मछली पालन की जानकारी ली। उन्होंने जिले में निवासरत मछलीपालक किसानों सहित विशेष पिछड़ी जनजाति कमार एवं भुंजिया सदस्यों को मछली पालन का प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये।उन्होंने प्रशिक्षण के लिए सदस्यों का चयन कर, समिति बनाकर कमार एवं भुंजिया प्रधिकरण से समन्वय कर उन्हें प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पीवीटीजी सदस्यों को प्रशिक्षण दिलाकर उनका आजीविका संवर्धन करने एवं उन्हें




स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिये। साथ ही आवश्यकतानुसार मछलीपालन हितग्राहियों को नाव, जाल,आईसबॉक्स एवं मत्स्य बीज वितरण भी करने के निर्देश दिये।बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए वर्षा स्थिति,पानी की मांग,फसल क्षेत्राच्छादन सहित धान,मक्का,मुंग,उड़द,आदि फसलों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को धान के अलावा अन्य लाभकारी दलहन एवं तिलहन फसल उगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने पीएम किसान अंतर्गत ई-केवाईसी,लैंड एवं आधार सीडिंग की भी जानकारी ली। केवाईसी की धीमी प्रगति पर जिले के पांचों वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों पर नाराजगी जताई।उन्होंने 30 सितम्बर तक कैम्प लगाकर लंबित केवाईसी के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में पीएम जनमन के तहत पीएम किसान सम्मान निधि,केसीसी कार्ड निर्माण एवं फसल बीमा योजना की भी जानकारी ली।उन्होंने कृषकों को विभागीय योजनाओं से नियमित रूप से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए टीकाकरण,पशु बीमारी,शिविर, उपचार, गर्भाधान,बधियाकरण एवं औषधि आदि की जानकारी ली।उन्होंने टीकाकरण के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये।साथ ही पशु चिकित्सकों को क्षेत्र के गौशाला का नियमित निरीक्षण कर आवारा मवेशियों को रखवाने के निर्देश दिये।इसके लिए आवश्यक बैठक एवं गौशाला समिति से चर्चा कर समन्वय करने के निर्देश दिये।उन्होंने मोबाईल वेटनरी यूनिट की जानकारी लेते हुए यूनिट की सक्रियतापूर्वक संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/W/T-227/24/2825 Marwa, dtd. 25-09-2024

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-144/2024: -**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-II/W/ T-227/24 | 8100039486 | Work contract for dismantling, re-erection & commissioning of dry fly ash unloading/ conveying system during COH of U#2 of AHP at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 21.10.2024 15:30 Hrs | Rs.590/- (500 + GST @18%) | Rs. 14,700/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (CONTRACT)
O/o the Addl. Chief Engineer (s&p)
ABVTPS,CSPGCL, JANJGIR-CHAMPA

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

Samwad- 41575/1

### मोर्टिन भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रेस के साथ देता है मच्छरों और कॉकरोच दोनों से सुरक्षा

**नईदिल्ली:** पेस्ट कंट्रोल के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक मोर्टिन ने अपने एक नए कैम्पेन, 'बच्चे बच्चे को पता है' की घोषणा की है। इस कैम्पेन में कंपनी अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रेस मोर्टिन 2-इन-1 के बारे में बताएगा। मोर्टिन 2-इन-1 मच्छरों और कॉकरोच दोनों को 100% मारता है। नया कैम्पेन यह बताता है कि भारतीय घरों में पाए जाने वाले कॉकरोच और मच्छरों दोनों को मारने के लिए मोर्टिन 2-इन-1 कितना सुविधाजनक है और यह कितना असरकारक है। यह कैम्पेन बताता है कि कीटाणुओं के कारण बच्चों की सेहत पर पड़ने वाले असर को लेकर भारतीय माता-पिता की चिंताएं कितनी तेजी से बढ़ रही हैं। खासतौर पर मानसून के मौसम में जब मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया और कॉकरोच के कारण टाइफाइड जैसी बीमारियाँ बड़े पैमाने पर होती हैं, ऐसे में नया अभियान इस बात पर जोर देता है कि कैसे मोर्टिन का 2-इन-1 स्प्रे मच्छरों और कॉकरोच दोनों से सुरक्षित रखने के लिए एक सुविधाजनक और संपूर्ण समाधान प्रदान करता है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**दुर्ग, ( छ.ग. )**
**// उदघोषणा//**
**ई0 कोर्ट कमांक / /अ-6/वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- श्री सुरेश कुमार देशमुख आ0 कसकू राम देशमुख निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि मौजा- भटगांव प0ह0नं0-06 रा0नि0म0-जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर 3/2 रकबा : 2.0000 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदारे के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व0 अशोक कुमार देशमुख आ0 कसकू राम देशमुख का स्वर्गवास दिनांक 23/07/2024 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर शेष खातेदारों / वारसिानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवो संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/09/2024 को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक- 17/09/2024
सुनवाई दिनांक-14/10/2024

मुहर

अति. तहसीलदार,
दुर्ग ( छ0ग0 )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**दुर्ग, ( छ.ग. )**
**// उदघोषणा//**
**ई0 कोर्ट कमांक / 202409104700044 / अ-6/वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कौशिल्या बाई पति रामजी, (जाति-सतनामी) निवासी वार्ड नं.-16, ग्राम ढौर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ढौर, प.ह.नं.-17, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1617/6 रकबा 0.250 हे0 भूमि मेरे स्वयं के नाम से कौशिल्या बाई ध.प. रामजी व मेरे पुत्र संदीप कुमार पिता रामजी ना.बा के नाम से भूमिस्वमी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि अभी वर्तमान में मेरा पुत्र वर्तमान में बालिक हो गया है, जिसके जन्मतिथि के जानकारी हेतु आधारकार्ड व शैक्षणिक दस्तावेज संलग्न कर आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवो संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/10/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/09/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक- 19/09/24
सुनवाई दिनांक-07/10/24

मुहर

अति. तहसीलदार,
दुर्ग ( छ0ग0 )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) दुर्ग, जिला दुर्ग**

| रा.प्र.क्र. / ऑनलाईन रजि.नं. | पक्षकार का नाम |
|---|---|
| 202409100400320/ अ-2/सन् 2023-24 | श्रीमती सुमन लांजीवार |

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमन लांजीवार पति जी.आर. लांजीवार निवासी ऋषभ नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है | खसरा नम्बर | रकबा ( क्षेत्रफल ) | | प्रस्तावित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| | | हेक्टेयर | वर्गफीट | |
| मोहलई/02 तहसील व जिला दुर्ग | 621/5 | 0.0223 | 2400 | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) दुर्ग, जिला दुर्ग**

| रा.प्र.क्र. / ऑनलाईन रजि.नं. | पक्षकार का नाम |
|---|---|
| 202409100400151/ अ-2/सन् 2023-24 | सुमन बाला साव |

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुमन बाला साव पति भूपेन्द्र कुमार साव निवासी सुभाष नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है | खसरा नम्बर | रकबा ( क्षेत्रफल ) | | प्रस्तावित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| | | हेक्टेयर | वर्गफीट | |
| सिकोला/17 तहसील व जिला दुर्ग | 29/73 | 0.012 | 1250 | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
दुर्ग, जिला दुर्ग

## संक्षिप्त-खबर

### सेजेस भंवरपुर के लिए अंग्रेजी विषय शिक्षक की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बसना (समय दर्शन)।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भंवरपुर के लिए अंग्रेजी विषय शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को बड़ेसाजापाली क्षेत्र के जनपद सदस्य ताराचंद साहू ने ज्ञापन सौंपा है। एक पखवाड़े में अंग्रेजी विषय शिक्षक की नियुक्ति नहीं होने पर विद्यालय में तालाबंदी कर पालकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से विद्यार्थियों के हित के लेकर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। जनपद सदस्य ताराचंद साहू ने अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में बताया है कि, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं है। लिहाजा विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय अध्ययन में भारी समस्या हो रही है। जनपद सदस्य एवं भाजपा नेता साहू ने इसे लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अंग्रेजी विषय शिक्षक का न होना,, न सिर्फ चिंताजनक है? बल्कि, बच्चों के भविष्य से भी खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि, यदि पखवाड़े भर के भीतर यहां विषय शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई तो पालकों के साथ विद्यालय में तालाबंदी कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### आयुष्मान पखवाड़ा के तहत स्कूल में निबंध प्रतियोगिता और निकाली गई रैली



**बसना (समय दर्शन)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके उपलक्ष्य में स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता और रैली के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना का प्रचार प्रसार करना प्रस्तावित था। इसके लिए ब्लॉक बसना सेक्टर बरोली के जेवरा हायर सेकेण्डरी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता और रैली निकालकर योजना का प्रचार प्रसार किया गया, जिसके तहत निबंध प्रतियोगिता में कुल 19 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान रैली निकालकर बच्चों द्वारा नारे लगा कर सभी ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड बनाने प्रेरित किया गया ।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 11वी की छात्रा सुरेखा यादव, दूतीय स्थान कक्षा 11 वी की छात्रा लुकेश्वरी मलिक, तृतीय स्थान कक्षा 9वी के छात्र रोशन भोई को चयन किया गया जिन्हे संस्था के प्राचार्य कुमार सर द्वारा स्वास्थ्य विभाग से प्रदत्त पुरस्कार दिया गया ।इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक व स्वास्थ्य संयोजक धर्मेंद्र कर उपस्थित रहे।

### पेंशनर समाज भी होंगे धरना प्रदर्शन में शामिल , 27 हो पाटन देंगे धरना



**पाटन।** कर्मचारी अधिकारी महासंघ के आह्वान पर 27 सितम्बर को आयोजित धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज पाटन के सभी पेंशनर्स अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितम्बर 2024 को जनपद कार्यालय पाटन के सामने मैदान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। पेंशनर्स समाज पाटन के अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की बुजुर्ग पेंशनरों के प्रति निरंतर उपेक्षा एवं अड़ियल रवैया से त्रस्त पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के नाम 27 सितम्बर को मांग-पत्र ज्ञापन अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) पाटन को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें पेंशनरों की 10 सूत्रीय जायज मांगों सहित 50त्न महंगाई राहत देने की मांग की है। श्री वर्मा ने कहा भारत के इतिहास में शायद यह पहला मौका होगा जब बुजुर्ग पेंशनरों को मंहगाई राहत जैसी छोटी सी मांग के लिए आंदोलन का रूख अख्तियार करना पड़ा। बुजुर्ग पेंशनर्स सड़क पर आये, इससे लज्जा जनक स्थिति शासन प्रशासन के लिए और क्या हो सकती है। श्री वर्मा ने सभी पेशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संध्या में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनावें ।

## बसना प्रखंड के ग्राम बिटांगीपाली में विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा सत्संग आयोजन



**बसना (समय दर्शन)।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दुत्व जागृति के लिए भागवत एवं मानस गान,कीर्तन के साथ शोभायात्रा के माध्यम से अनेक जगह जन जागरण का कार्य जिला स्तर पर चल रहा है।

इस दौरान बीती संध्या ग्राम बिटांगीपाली मे धर्मानुरागी बंधुओं के साथ मातृ शक्ति, ग्रामीण व विश्व हिन्दू परिषद के जिला पदाधिकारी ,प्रखंड पदाधिकारी एवं ग्राम समिति के पदाधिकारी के साथ-साथ बीटांगीपाली ग्राम के सनातनी भाइयों ,साथ ही साथ मातृशक्ति ,दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बिटांगीपाली सत्संग में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ,जिला सह मंत्री बसंत देवता ,जिला विशेष संपर्क प्रमुख रमेश कर ,प्रखंड अध्यक्ष विद्या पटेल ,प्रखंड मंत्री अरुण प्रधान ,प्रखंड उपाध्यक्ष कृष्णा साहू ,सह मंत्री प्रेम भूमि व भूपेंद्र शर्मा, साप्ताहिक मिलन प्रमुख चंद्रभान साहू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुभाष प्रधान व दिलीप सेठ ,मातृशक्ति से सविता बर्मन, पुष्पा कौर, अनुसूया साव,आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सत्संग की शुरुआत नगर भ्रमण के साथ किया गया, नगर भ्रमण होने के पश्चात श्री राम, भारत मां के फोटो के सामने दीप प्रज्वलन एवं तीन बार ब् ब्रम्होपचार किया गया। उसके पश्चात विजय महामंत्र, हनुमान चालीसा पाठ ,भजन कीर्तन के साथ-साथ भारत मां की आरती सभी उपस्थित सनातनियों के द्वारा किया गया।

पुष्पांजलि एवं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। बिटांगीपाली ग्राम वासियों को सप्ताह में एक बार सत्संग करने के लिए विश्व हिंदू परिषद के द्वारा आग्रह किया गया।

## गढ़फुलझर सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र चिमरकेल में मनाया गया वजन त्यौहार




**बसना (समय दर्शन)।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले वजन त्यौहार में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन कर, कम वजन वाले बच्चों को चिन्हांकित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया गया।

बसना महिला बाल विकास अधिकारी चन्द्रहास नाग के मार्ग दर्शन में बसना विकासखण्ड मे वजन त्यौहार एवं बच्चों के कुपोषण स्तर की जाँच की गयी ।

साथ ही बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार के साथ भी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई।

इसी तारतम्य में परियोजना बसना के गढ़फुलझर सेक्टर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र चिमरकेल में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी में दर्ज सभी 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापा गया।

जिन बच्चों का वजन व ऊंचाई तय सीमा के अनुरुप नहीं पाया गया उनके पालकों को पोषण स्तर सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस कार्यक्रम में सेक्टर परिवेक्षक उमादेवी पटेल ने हरी साग सब्जी से कैसे पोषण रक्षा कर सकते हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया। और साथ ही सी एच ओ डॉक्टर हीरेन्द्र कर ने स्वास्थ्य की बारे जानकारी दिया। तुषार साहू ने सदस्यता अभियान के तहत ग्रामीणों को दिलाई । मानसिक तथा शारीरिक विकास में बच्चों का पोषण कैसे हो,, इस विषय पर मुख्य आकर्षण रंगोली बनाना एवं सेल्फी जोन रहा,, जिसमें सभी माताओं ने भाग लिया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भारती पसायत, जमुना सिदार , रम्भा भोई , सुरेंदरी साहू आंगनबाड़ी सहायिका हुलसी बाई सिदार , पद्मा यादव एवं मितानिन स्व सहायता समूह के महिलाएं एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी गोवर्धन कैवर्त के द्वारा दी गई।

## हाई स्कूल बसना में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया




**बसना (समय दर्शन)।** राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 24 सितंबर को विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य एस के पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी देवराज पाणीग्राही के निर्देशन में मनाया गया ।विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को सभी स्वयं सेवकों ने समझा तथा अपने आसपास के परिवेश के स्वच्छता हेतु प्रेरित करने तथा कार्य को संपादित करने की प्रेरणा ली। स्वयं सेवक अभिषेक दास मिमसाद,पवन वीरेंद्र,अर्जुन ने अपने भाषण में राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया और राष्ट्र की सेवा हेतु हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लिया। विद्यालय की व्याख्याता सचिन देवांगन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी सेवकों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी ।व्याख्याता टी के नायक द्वारा युवाओं का राष्ट्रीय हित में योगदान को बताया गया व्ही के महापात्र के द्वारा सेवकों को संस्कृत श्लोक के माध्यम से विद्यार्थी के लक्षण को समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय एस के पटेल ,पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आरके सोनी, एनसीसी अधिकारी संजय कर एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा कर किया गया ।एनसीसी अधिकारी एस के कर द्वारा विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु लगातार मेहनत करने की बात कही पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आरके सोनी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा गीत गाया गया एवं उन्हें अपने अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया ।अंत में प्राचार्य महोदय एस के पटेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा हेतु सीख दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी देवराज पाणीग्राही ने किया।

## भाजपा का आधार राजनीतिक शक्ति ही नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की भावना है-रूपकुमारी चौधरी

■ मोर बूथ ,मोर अभियान,के तहत भाजपा को मिल रहा व्यापक प्रतिसाद





**बसना (समय दर्शन)।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान 2024 की कड़ी में 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर 'मोर बूथ, मोर अभियान ' कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान 2024 छत्तीसगढ़ समिति की सदस्य एवं महासमुंद लोकसभा की सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी ने भाजपा मण्डल बसना के बूथ क्रमांक 135 के ग्राम बिजराभांटा में उपस्थित रहकर बूथ क्रमांक 135 एवं 137 के वासियों को भाजपा का सदस्य बनाया तथा सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा द्वारा चलाये गए इस अभियान की सफलता हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अभियान के माध्यम से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त किया है, जिससे जनता से हमारा सीधा संवाद स्थापित हुआ है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का विचार हर कार्यकर्ता के मन में इस अभियान के दौरान स्पष्ट रूप से प्रतिध्वनित हुआ। बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती और जनता से जुड़ाव के इस सफल प्रयास ने हमें यह दिखा दिया है कि भाजपा का आधार केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि जनता के प्रति सेवा और समर्पण की भावना है।

हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और भाजपा के मार्गदर्शन में इस अभियान की सफलता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम यह संकल्प लेते हैं कि इस अभियान के माध्यम से संगठन को और सशक्त करेंगे और हर नागरिक तक भाजपा की नीति, नीयत और विकास के विचारों को पहुँचाएंगे।

यह कार्यक्रम न केवल भाजपा के संगठन को मजबूती देने वाला सिद्ध हुआ है, बल्कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विरासत को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उनकी जयंती पर यह अभियान उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है, और हम सभी कार्यकर्ता इस सफलता को भविष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा मानते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा को और अधिक मजबूत करेंगे।

## निपानी के सरपंच पर फर्जी तरीके से पंचायत की राशि आहरण का पंचों ने लगाया आरोप, एसडीएम को सौपा ज्ञापन



**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम निपानी के पंचों ने सरपंच सीता सिन्हा के ऊपर अपनें इसी कार्यकाल में अवैध तरीके से मूल भूत एवं पन्द्रह वृत्ति का फर्जी तरीके से आहरण किए जाने तथा शासकिय घास भूमि में अवैध तरीके से वसूली किए जाने का आरोप लगाया है। साथ ही ग्रामवासीयो तथा पंचो के विरोध करने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। जिसका पूर्ण रूप से जॉच किया जाये एवं जॉच के बाद ही मूल भूत एवं पन्द्रह वृत्ति का आहरण करने की बात कहा गया। जिसके संबंध में आज एसडीएम पाटन को ज्ञापन सौप कर मूलभूत एवं पन्द्रह वृत्ति के आहरण करने पर रोक लगाने तथा उचित कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया। जिसमे मुख्य रूप से जागेन्द्र सिन्हा (उप सरपंच),खम्हन ठाकुर (पंच),गिरवर सिन्हा (पंच)लोकेश सिन्हा वार्ड क्रमांक 10 (पंच), परमेश्वर निषाद (पंच), शेष कुमार रघुवंशी (पंच),लतखोर यादव (पंच),त्रीवेणी सिन्हा (पंच) शामिल है।

## चार सूत्रीय मांगो को लेकर आज काम बंद कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे 112 संगठन के कर्मचारी

■ पेंशनर्स समाज पाटन 10 सूत्रीय मांगों के लिए 27 सितम्बर को देंगे धरना




**पाटन (समय दर्शन)।** कर्मचारी अधिकारी महासंघ के आह्वान पर 27 सितम्बर को काम बंद कलम बंद एक दिवसीय आंदोलन आयोजित किया गया। आंदोलन को तैयारी को लेकर कर्मचारी संगठन द्वारा अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन कार्यालय में गुरुवार को पत्रकारवार्ता आयोजित किया गया। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सदस्यों द्वारा बताया गया की भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए।

केंद्र के समान गृह भाडा भत्ता दिया जाए। भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाए।

शुक्रवार को काम बंद कलम बंद आंदोलन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अंतर्गत आने वाले 112 संगठन के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जनपद पंचायत पाटन के सामने कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय प्रदर्शन के बाद दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पाटन को ज्ञापन सौंपेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारी अनिश्चित कालीन आंदोलन करने बाध्य होंगे।

धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज पाटन के सभी पेंशनर्स अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितम्बर 2024 को जनपद कार्यालय पाटन के सामने मैदान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

पेंशनर्स समाज पाटन के अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की बुजुर्ग पेंशनरों के प्रति निरंतर उपेक्षा एवं अड़ियल रवैया से त्रस्त पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के नाम 27 सितम्बर को मांग-पत्र ज्ञापन अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) पाटन को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें पेंशनरों की 10 सूत्रीय जायज मांगों सहित 50त्न महंगाई राहत देने की मांग की है।

श्री वर्मा ने कहा भारत के इतिहास में शायद यह पहला मौका होगा जब बुजुर्ग पेंशनरों को मंहगाई राहत जैसी छोटी सी मांग के लिए आंदोलन का रूख अख्तियार करना पड़ा। बुजुर्ग पेंशनर्स सड़क पर आये, इससे लज्जा जनक स्थिति शासन प्रशासन के लिए और क्या हो सकती है।

महेंद्र साहू ने सभी विभाग के कर्मचारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संध्या में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनावें ।

प्रेस वार्ता में महेंद्र साहू संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पाटन ब्लॉक,यशवंत आडिल प्रदेश मंत्री पंचायत सचिव संघ,जैनेंद्र गंजीर सचिव कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन,हीरासिंह वर्मा अध्यक्ष छग पेंशनर समाज , सहित अन्य उपस्थित थे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24